तापमान

अधिकतम 34.6 डिग्री

न्यूनतम 18.6 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 13 फरवरी 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



गोड़पारा से शनिचरी बाजार जाने वाली सड़क पर वाहनों का कब्जा रहता है। जिसके चलते यहां से गुजरने वालों को परेशानी होती है।

## खबर संक्षेप

### बीजेपी उम्मीदवार के लिए प्रचार करने पर मारपीट

**बिलासपुर**। अमेरिका से आकर रतनुपर में दोस्त के लिए प्रचार प्रसार करने पर क्षेत्र के ही रहने वाले व्यक्ति ने मारपीट कर दी। अधेड़ ने इसकी शिकायत रतनपुर थाने में दर्ज कराई है। अमेरिका में रहने वाले और चकरभाठा वार्ड नंबर 7 के निवासीउधम सिंह पिता स्व स्वर्ण सिंह पिछले कुछ दिनों से खूंटाघाट के पास रह रहे है। रतनपुर में वे अपने दोस्त लवकुश कश्यप के बीजेपी के अध्यक्ष पद के लिए प्रचार प्रसार कर रहे थे। मंगलवार को वे अपने दोस्त प्रफुल्ल बैसवाड़े के साथ दुर्गा कश्यप को छोडने उसके घर जा रहे थे। उसी समय आशा भोजनालय के पास कन्हैया यादव से मिलने गया। इस दौरान कन्हैया यादव ने गाली गलौज करते हुए कहा कि यही अमेरिका से आकर मेरे आदमियों को गुमराह कर रहा है। इस दौरान कन्हैया ने जान से मारने के लिए दौड़ाया और गाली गलौज की। घटना की शिकायत प्रार्थी ने रतनपुर थाने में दर्ज कराई है। पुलिस मामले में आरोपी के खिलाफ जांच कर रही है।

### कर्मचारी महासंघ का अभ्यास वर्ग 15 से

**बिलासपुर**। राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ संबंध भारतीय मजदूर संघ एवं जीईएनसी का दो दिवसीय अभा अभ्यास वर्ग 15 व 16 फरवरी को देवपुरी मार्ग स्थित अभियंता भवन में होगा। महासंघ के कार्यकारिणी सदस्य राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि इस अभ्यास वर्ग में संघटनात्मक विषयों, कर्मचारियों कीसेवा शर्तों पर संघ की कार्य पद्धति, आर्थिक विषयों, संघ में अनुशासनात्मक एवं संगठन की रीति नीति के बारे में सभी को शिक्षित किया जाएगा। इस दौरान कर्मचारी की मांगों पर चर्चा होगी। देश भर में संगठन के विस्तार के लिए नीति बनेगी। कर्मचारियों को उनके अधिकार व उनके कर्तव्य का भी बोध कराया जाएगा।

# नगर निगम चुनाव: शहर के तोरवा क्षेत्र में हुआ सर्वाधिक मतदान



सबसे कम इंदिरा विहार नूतन चौक शासकीय कालोनी एरिया में

राजनीतिक दल सहित प्रत्याशी वोटिंग को लेकर लगा रहे गणित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर पालिक निगम बिलासपुर के महापौर व पार्षद पद के लिए ईवीएम के माध्यम से सीधे वोटिंग हुई है। वोटिंग का प्रतिशत भी सामने आ गया है, जिससे राजनीतिक दल और प्रत्याशी अपने-अपने तरह से गणित लगाने में लगे हुए हैं। वैसे निगम चुनाव में शहर के तोरवा क्षेत्र के दो बूथों में सर्वाधिक वोटिंग रिकार्ड की गई है, जबकि सबसे कम वोटिंग सरकंडा इंदिरा विहार नूतन चौक शासकीय कालोनी एरिया में हुआ है।

नगर पालिक निगम बिलासपुर में इस बार महापौर के लिए सीधे प्रत्यक्ष प्रणाली से ईवीएम के माध्यम से चुनाव हुए। इस तरह ईवीएम में दो वोट पड़े एक तो महापौर के लिए और दूसरा वार्ड पार्षद के लिए मतदाताओं ने वोटिंग की है। नगर निगम के 70 वार्डों में कुल 5 लाख 86 हजार 58 मतदाता हैं, जिनमें से चुनाव में कुल 2 लाख 61 हजार 314 मतदाताओं ने वोटिंग की है। इसमें भी 1 लाख 32 हजार 406 पुरुष एवं 1 लाख 28 हजार 893 महिलाओं समेत 15 थर्ड जेंडर द्वारा वोट डाले गए हैं। इस तरह नगर निगम में मतदान का प्रतिशत 51.37 फीसदी रहा। मतदान संपन्न होने के बाद वोटिंग प्रतिशत को लेकर राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों द्वारा अलग-अलग चुनावी गणित लगाया जा रहा है, वहीं कहां-कहां कम और कहां-कहां अधिक मतदान पड़े इस पर भी चर्चा शुरू हो गई है। इस मतदान से किसको लाभ या नुकसान का अनुमान भी लगाए जाने लगा है। शहर में वोटिंग पर नजर डाले तो नगर निगम अंतर्गत तोरवा क्षेत्र के वार्ड नंबर 41 विवेकानंद नगर व वार्ड नंबर 42 शहीद चन्द्रशेखर आजाद नगर में सर्वाधिक वोटिंग रिकार्ड किया गया है। विवेकानंद नगर वार्ड में 6 हजार 226 वोट पड़े हैं, जबकि शहीद चन्द्रशेखर आजाद नगर वार्ड में भी 6 हजार 172 वोट पड़े हैं। कई जगहों पर ज्यादा वोटिंग हुई है उसमें वार्ड 3 सांई नगर वार्ड उसलापुर क्षेत्र में 5 हजार 792 वोट, वार्ड 4 गोकुलनगर घुरू में 4 हजार 583 वोट पड़े हैं। वार्ड नंबर 8 चित्रकांत जायसवाल नगर यदुनंदननगर क्षेत्र में भी 5 हजार 392 वोट पड़े हैं। वार्ड 21 गुरू घासीदासनगर जरहाभाठा कालेज एरिया में 5 हजार 440 वोट पड़े हैं। तालापारा, गोंड़पारा एरिया में भी 4-4 हजार से अधिक वोट पड़े हैं जबकि वार्ड नंबर 36 बसंतभाई पटेल नगर कतियापारा क्षेत्र में 5 हजार 24 वोट पड़े हैं। इसी तरह वार्ड 45 हेमूकालानी नगर में 5 हजार 226 वोटिंग हुई है, जहां से भाजपा के महापौर प्रत्याशी एल पदमजा पूजा विधानी का निवास आता है। वार्ड 58 रानी दुर्गावती नगर बहतराई एरिया में भी 5 हजार 956 वोट पड़े हैं, जबकि वार्ड 68 कोनी क्षेत्र में 5 हजार 414 वोट पड़े हैं। कम वोटिंग वाले एरिया की बात करें तो वार्ड नंबर 66 पं. शिवदुलारे मिश्रा नगर जो कि सरकंडा क्षेत्र में नूतन चौक शासकीय आवासीय कालोनी, इंदिरा विहार का एरिया आता है वहां पर मात्र 1 हजार 993 वोट पड़े हैं। इसी तरह विकास नगर वार्ड 15 में मात्र 2 हजार 357 वोट और वार्ड नंबर 28 प्रियदर्शनी नगर में 2 हजार 321 वोट तथा वार्ड नंबर 27 विनोबानगर में महज 2 हजार 624 वोट पड़े हैं।

### अपोलो, सिम्स और जिला अस्पताल पहुंचने के रास्ते संकरे हुए

# जाम से जूझते शहर में सबसे अधिक परेशानी मरीजों को, बड़े अस्पताल पहुंचने वाले रास्ते कब्जे की भेंट चढ़े










हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जाम से जूझते शहर में सबसे अधिक परेशानी मरीजों को हो रही है। खास तौर पर बड़े अस्पताल जहां आपात काल में पहुंचने की जल्दी होती है, वह रास्ते बेजा कब्जे की भेंट चढ़ते जा रहे हैं। इसमें लिंगियाडीह चौक से अपोलो अस्पताल का रास्ता, शनिचरी से अपोलो हॉस्पिटल का रास्ता, सिम्स पहुंच का रास्ता और जिला अस्पताल तक पहुंचने वाले मरीजों को खास तौर पर परेशानी हो रही है। इन रास्तों पर ठेले गुमटी खुल गए हैं तो वाहन खड़े कर दिए जाते हैं। इन रास्तों से कब्जा हटाने कई बार लिखा गया लेकिन कोई ध्यान देने वाला नहीं है। खास तौर पर शनिचरी से अपोलो हॉस्पिटल जाने वाली सड़क जर्जर हो चुकी है। इसके अलावा दयालबंद से अपोलो हॉस्पिटल जाने वाली सड़क बेजा कब्जा के चलते संकरी हो गई है। वहीं, शाम को तिराहे पर बाजार लगता है। इन सब कारणों से हर दिन मरीजों और उनके परिजनों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

शहर में वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बीते 3 वर्षों में शहर में एक लाख से अधिक चार पहिया वाहनों की बढ़ोतरी हुई है, जिससे ट्रैफिक की समस्या बढ़ रही है। समस्या दूर करने निगम, स्मार्ट सिटी और पीडब्ल्यूडी ने शहर के अंदर से चार बाइपास सड़कों के निर्माण की योजना बनाई थी। इनमें से दो पर काम चल रहा है, लेकिन गति धीमी है, वहीं दो सड़कें फाइलों में दबकर रह गई हैं। खास तौर पर बसंत विहार चौक में जाम लगता है, वहां से अपोलो जाने वाले रास्ते में एक सड़क बननी थी, जिस पर अभी काम शुरू नहीं हो सका है।

#### मास्टर प्लान में 80 फीट की सड़क, सिमट कर 30 फीट हुई

अपोलो की सड़क पर निगम की टीम नापजोख कर चुकी है लेकिन काम आगे नहीं बढ़ पा रहा है। ज्ञात हो कि तत्कालीन आयुक्त ने यहां सड़क चौड़ीकरण, नाले पर सड़क और गार्डन बनाने का एस्टीमेट बनाया था। शासन से मंजूरी मिलने के बाद भी फाइल आगे नहीं बढ़ी। देखा जाए तो मास्टर प्लान में यह सड़क 80 फीट चौड़ी है, लेकिन इस सड़क पर अतिक्रमण है। बरसात के पहले पीडब्ल्यूडी ने शहर की सड़कों की मरम्मत की थी। इनमें सभी सड़कें शामिल नहीं थी। मरम्मत के लिए भी टेंडर लगाए गए थे। जिसके टेंडर ओपन हुए उसके हिसाब से काम कराया गया। दरअसल शहर की सड़कों में सबसे पहले उन सड़कों की मरम्मत कराई जानी थी जहां व्यस्त ट्रैफिक है या फिर जिसकी मरम्मत पहले जरूरी है। ज्ञात हो कि इस सड़क के डामरीकरण के लिए 1 करोड़ रुपए की मंजूरी मिल चुकी है लेकिन यहां से बेजा कब्जा नहीं हटाने से काम आगे नहीं बढ़ा है।

#### अपोलो रोड पर ही 150 लोगों का कब्जा, 75 को नोटिस

लिंगियाडीह चौक से अपोलो अस्पताल जाने वाली सड़क पर 150 से अधिक लोगों का बेजा-कब्जा है। निस्तारी की सड़क पर कब्जा करते हुए किसी ने मकान तो किसी ने दुकान बना ली है। निगम अधिकारियों के मुताबिक यहां 5 से 10 फीट तक कब्जा निकल रहा है। निगम ने इन्हें नोटिस जारी कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया है। यहां कुछ नेताओं का भी कब्जा है। ध्यान रहे कि निगम ने पूर्व में 75 को नोटिस जारी किया था, लेकिन आगे की कार्रवाई बंद कर दी है। अब तक निगम के अफसर चुनाव कार्य का हवाला देकर मामले को टालते आ रहे हैं। कब्जे के कारण सड़कें सिमट गई हैं।

#### सिम्स पहुंचने वाली सड़क पर भी दोनों तरफ से कब्जा

सिम्स तक पहुंचने वाली सड़क पर भी दोनों तरफ से कब्जा है। मेडिकल कॉलेज होने की वजह से 400 मीटर की इस सड़क को संवेदनशील माना जाता है। सड़क पर 24 घंटे एंबुलेंस की आवाजाही बनी रहती है। इसके बाद भी इस सड़क को चौड़ा करने और कब्जा हटाने पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस सड़क पर सुबह नौ बजे से जाम की स्थिति बनने लगती है। जाम की वजह से चंद फासले की दूरी भी एंबुलेंस तय नहीं कर पाती है। समय पर अस्पताल नहीं पहुंचने के कारण कई बार गंभीर परिणाम आते हैं। इसके साथ ही सड़क पर गलत ढंग से पार्किंग करना भी जाम की स्थिति पैदा करता है।

## प्रत्याशी तैय्यब हुसैन सहित अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**बिलासपुर**। चुनाव के दौरान फर्जी मतदान करने को लेकर हुए विवाद के बाद वार्ड के ही एक व्यक्ति ने निर्दलीय प्रत्याशी तैय्यब हुसैन और उसके साथियों के खिलाफ सिविल लाइन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। राजा रघुराज सिंह स्टेडियम में बने बूथ पर चुनाव के दौरान मंगलवार को फर्जी वोटिंग करने के मामले में दो पक्षों के बीच हुई झड़प के बाद वार्ड नंबर 32 के निर्दलीय प्रत्याशी और निगम के पूर्व एमआईसी सदस्य तैय्यब हुसैन और उनके लोगों के खिलाफ सिविल लाइन थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। इमलीपारा निवासी प्रार्थी प्रशांत कश्यप पिता स्व. रामगोपाल कश्यप उम्र 38 ने सिविल लाइन थाने में प्रत्याशी तैय्यब हुसैन, बाबा खान, कैफ मेमन, अबरार अली, संदीप पांडेय और अन्य लोगों के खिलाफ मारपीट और गाली गलौज की शिकायत की थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए बीएनएस की धारा 296, 115(2) 351 (2), 3 (5) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है कि विवाद गहराता जा रहा है। दोनों पक्ष अपनी-अपनी बातों को लेकर एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप करते आ रहे हैं। बुधवार की शाम भी एक- दूसरे पक्ष के बीच मारपीट और गाली गलौज की घटनाएं सामने आई हैं।



» स्टेडियम में चुनाव के दौरान ही हुई थी दो पक्षों में झड़प

» पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर लगाई मारपीट और धमकी की धारा

## भाजपा महापौर प्रत्याशी को नोटिस शासन, चुनाव आयोग से भी जवाब मांगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर की महापौर पद की प्रत्याशी की जाति के मामले में दायर याचिका पर हाईकोर्ट ने उम्मीदवार एल पद्मजा को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इसके साथ ही राज्य शासन, चुनाव आयोग को भी नोटिस जारी करते हुए तीन सप्ताह में जवाब देने कहा गया है। ध्यान रहे कि इससे पहले याचिकाकर्ता बसपा उम्मीदवार ने संशोधित याचिका पेश करने के लिए याचिका वापस ले लिया था। इस याचिका में भाजपा उम्मीदवार के जाति प्रमाण पत्र सहित सभी दस्तावेज उपलब्ध कराने की मांग की गई है।

नगर निगम चुनाव में भाजपा की महापौर प्रत्याशी एल पद्मजा (पूजा विधानी) के ओबीसी जाति प्रमाण पत्र का विवाद अब हाईकोर्ट पहुंच गया है। बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी आकाश मौर्य ने इस मामले को लेकर हाईकोर्ट में याचिका लगाई है। उन्होंने अपने एडवोकेट के जरिए याचिका पर हाईकोर्ट में अर्जेंट हियरिंग का आवेदन देकर तत्काल सुनवाई की मांग भी की है। याचिका में पूजा विधानी के जाति प्रमाण पत्र को लेकर आपत्ति जताई गई है और नामांकन रद्द करने के साथ ही उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई है।

इससे पहले भी बसपा उम्मीदवार आकाश मौर्य ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। जिसमें लिपिकीय त्रुटि के चलते याचिकाकर्ता को जरुरी संशोधन के लिए अपनी याचिका वापस लेनी पड़ी थी। कोर्ट ने इसे स्वीकार कर याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी थी। दरअसल, पहले याचिकाकर्ता ने याचिका में निर्वाचन आयोग को प्रमुख पक्षकार नहीं बनाया था।



■ बसपा उम्मीदवार की याचिका पर हुई सुनवाई

## रेडियो कॉलर लगी बाघिन की मप्र के दुबरी टाइगर रिजर्व में मौत

**बिलासपुर**। अचानकमार टाइगर रिजर्व से निकली रेडियो कॉलर वाली बाघिन का मप्र के संजय दुबरी टाइगर रिजर्व में शव मिला है। आशंका है कि बाघिन को जहर देकर मारा गया है ।

रेडियो कॉलर वाली बाघिन को दिसम्बर में चिरमिरी क्षेत्र से रेस्क्यू किया गया था और इसके बाद उसे रेडियो कॉलर लगाकर एटीआर में छोड़ा गया था, लेकिन एटीआर के अधिकारियों ने बाघिन को जंगल में छोड़ते समय कोई भी सावधानी नहीं बरती और उसे ऐसे ही बोकरा कछार के पास छोड़ दिया बाघिन चार दिन एटीआर की सीमा से निकल कर जलेश्वर के पास विचरती रही। 31 जनवरी को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व और संजय टाइगर रिजर्व के अधिकारियों ने जलेश्वर से इस बाघिन का रेस्क्यू किया ,चूंकि एटीआर में 21 जनवरी को एक बाघिन की संदेहास्पद मौत हो गई थी, इसलिए इसे संजय दुबरी टाइगर रिजर्व में ले जाया गया । मप्र के सिंगरौली वन क्षेत्र के माड़ा रेंज के रौंदी के जंगल में सोमवार देर रात इस बाघिन का शव मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाघिन में किसी भी प्रकार के चोट के निशान नहीं है ऐसी में आशंका जताई जा रही है कि किसी ने इसे जहर देकर मारा होगा।










जन्मदिन उत्सव

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह मार्च का फार्मेट का प्रकाशन 10 फरवरी को किया जा चुका है, पाठक अपना फार्मेट 15 फरवरी तक अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

## कांग्रेस में भितराघात की शिकायत, 3 निष्कासित

**बिलासपुर**। नगरीय निकाय चुनाव में भितराघात को लेकर कांग्रेस में शिकायतों का दौर शुरू हो गया है। नगर निगम बिलासपुर के लिए मतदान के ठीक एक दिन बाद महिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष सीमा घृतेश ने ही अपने वार्ड में भितराघात की शिकायत शहर कांग्रेस कमेटी से की है। इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने तीन लोगों को 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है।

महिला कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष सीमा घृतेश नगर निगम में वार्ड नंबर 21 गुरू घासीदासनगर से कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रही हैं। उन्होंने शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय पाण्डेय को एक शिकायत पत्र दिया है। इसमें 11 फरवरी को मतदान के दौरान प्रांकित यादव, जुबेर अहमद और खालिद अंजुम को अन्य प्रत्याशी के पक्ष में वोट मांगने तथा कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी का विरोध कर मतदान के दौरान कांग्रेस के प्रतिकूल वातावरण निर्मित करने व विपक्ष के प्रत्याशी को लाभ पहुंचाने की बात कही है। इससे चुनाव में कांग्रेस को नुकसान हो सकता है। इस तरह के गंभीर आरोल लगाते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की गई है। इस शिकायत के आधार पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय पांडेय ने उन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए तत्काल प्रांकित यादव, जुबेर अहमद, खालिद अंजुम को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में 6 वर्षों के लिए कांग्रेस पार्टी से निष्कासित कर दिया है। उल्लेखनीय है कि इसी वार्ड से कांग्रेस के बागी के रूप में कांशी रात्रे की पत्नी भी चुनाव लड़ रही हैं, भाजपा की प्रत्याशी तो मैदान में हैं ही, जिससे यहां पर त्रिकोणीय मुकाबला हो गया है। कांग्रेस में चुनाव में भितराघात की यह पहली शिकायत मिली है, जिस पर कार्रवाई भी हुई, किन्तु अभी और भी भीतराघात के शिकायत सामने आ सकते हैं।

■ महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने की शहर कांग्रेस कमेटी से शिकायत

12- FEB- BSP-PG-2_Layout 1 2/12/2025 11:55 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### ब्लड डोनेशन कार्यक्रम में शामिल हुए 50 से अधिक स्टूडेंट



**बिलासपुर।** श्रीराम ब्लड एवं कंपोनेंट सेंटर समिति के तत्वावधान में नारायण प्लाजा स्थित महेन्द्र एजुकेशन कोचिंग सेंटर में ब्लड डोनेशन शिविर व कार्यक्रम का आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर श्रीमती सुधाजंली रामटेके, श्रीमती सृष्टि सिंह और उनके सहयोगी मैनेजर किशोर पटेल रहे। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक शुभम पांडे, निलेश पटेल, रिद्धी सिंह, अत्री कुमार अजीत शर्मा, साइबन खान रक्त दान शिविर में शामिल रही। रक्तदान के लिए बड़ी संख्या में स्टूडेंट भी भाग लिया। करीब 50 से अधिक स्टूडेंट ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। अतिथियों ने कहा कि रक्तदान महादान है, इससे पीड़ितों की जान बचाई जा सकती है, उपस्थित लोगों ने इस तरह के शिविर का भविष्य में भी आयोजन करने का संकल्प लिया।

### देवनाथ की पुण्यतिथि पर आयुर्वेदिक कॉलेज में किया गया पौधरोपण



**बिलासपुर।** राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता डॉ. जितेंद्र सिंगरौल मोछ ने अपने पिताजी देवनाथ सिंगरौल की प्रथम पुण्यतिथि पर आयुर्वेदिक कॉलेज में पौधरोपण किया। साथ ही बताया कि उनके पार्थिव शरीर को 1 वर्ष पूर्व शासकीय आयुर्वेदिक चिकित्सा महाविद्यालय में देहदान किया गया था। पौधरोपण में महाविद्यालय परिवार की भी सहभागिता रही। उक्त कार्यक्रम रचना शरीर विभाग द्वारा देहदान को लेकर लोगों में जागरुकता लाने के उद्देश्य से किया गया। इस मौके पर गोपाल प्रसाद, रामकुमारी सिंगरौल, भुवन वर्मा, पंकज कुंभज, मनीष तिवारी, आयुर्वेदिक चिकित्सा महाविद्यालय परिवार के प्राचार्य प्रो. डॉ. रक्षपाल गुप्ता, रचना शरीर विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. मीनू श्रीवास्तव खरे, प्राध्यापक डॉ प्रशांत निषाद, डॉ. कविता प्रधान, डॉ. रामेश्वर, डॉ. संतोष साहू, रूपेश सहित विद्यार्थीगण उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि दधीचि देवनाथ सिंगरौल के देहदान से प्रेरित होकर 10 लोगों ने देहदान करने का संकल्प लिया है। हरप्रसाद सिंगरौल ने देहदान का फॉर्म भी भरे।

### बिरजू महाराज की स्मृति में कथक की प्रस्तुति




**बिलासपुर।** लायंस भवन में श्रीकला मंजरी कथक संस्थान के तत्वावधान में कथक सम्राट पद्म विभूषण पं. बिरजू महराज की स्मृति में कथक की प्रस्तुति दी गई। साथ ही ताल सम्राट उस्ताद जाकिर हुसैन की स्मृति में श्रद्धांजलि सत्र भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पं. बिरजू महाराज की शक्ति पाठ से किया गया। इसके बाद संगीत की त्रिवेणी के साथ काव्य रचना की प्रस्तुति दी गई। शहर की उभरती कवियित्री अंतरा चक्रवर्ती ने कविताओं की प्रस्तुति दी। छत्तीसगढ़ के प्रतिष्ठित तबला वादक तालमणि पंडित मोरध्वज वैष्णव ने तबला वादन प्रस्तुत किया। पं. मोरध्वज प्रसिद्ध तबला वादक पं. गुदई महाराज के शिष्य हैं। उनके साथ खैरागढ़ से पहुंचे कथक कलाकार डॉ स्थापित चंदन सिंह ने नृत्य की प्रस्तुति दी। उन्होंने भगवान शिव की वंदना से शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने आमद, तोड़े, टुकड़े, तिहाईयां, पारण की प्रस्तुति दी। अंत में एक ठुमरी द्वारा अपनी प्रस्तुति का समापन किया। संगत कलाकारों में पं. कन्हैया वैष्णव, खैरागढ़ विश्वविद्यालय के गोल्ड मेडलिस्ट मनोज पांडेय शामिल रहे। संस्था प्रमुख रितेश शर्मा ने कहा कि कथक, काव्य पाठ, सितार और तबला की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान श्री कला मंजरी कथक संस्थान के देवेंद्र शर्मा, शीला शर्मा, श्री देवरस, मधु शर्मा आधारशिला विद्या मंदिर के डायरेक्टर डॉ अजय श्रीवास्तव, विशेष अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार सतीश जायसवाल थे।

### प्रेक्षक ने रिटर्निंग अफसरों की बैठक लेकर की मतदान की संवीक्षा



**बिलासपुर।** राज्य निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक विनीत नंदनवार ने कोनी स्थित मतगणना केन्द्र में रिटर्निंग अधिकारियों की बैठक लेकर 11 फरवरी को हुए मतदान कार्य की संवीक्षा की। मतदान समाप्ति के बाद सभी इव्हीएम स्ट्रांग रूम में सील बंद कर दिए गए हैं। दिन - रात सुरक्षा बलों का सख्त पहरा बिठा दिया गया ह। नगरीय निकाय बिलासपुर, बिल्हा, बोदरी, तखतपुर, कोटा, रतनपुर, मल्हार के रिटर्निंग अधिकारियों ने बारी बारी से निकायवार मतपत्र लेखा, पीठासीन की डायरी, मतदाता रजिस्टर को संवीक्षा के लिए प्रस्तुत किया। निर्वाचन प्रेक्षक, निर्वाचन अभ्यर्थियों एवं उनके प्रतिनिधियों को निकायवार कुल मतदान प्रतिशत,सबसे अधिक मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्र एवं सबसे कम प्रतिशत वाले मतदान केंद्र की जानकारियां दी गई। संवीक्षा में उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवकुमार बनर्जी, नगरीय निकाय के सभी रिटर्निंग ऑफिसर्स एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर्स, मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अभ्यर्थी, निर्दलीय अभ्यर्थी एवं उनके प्रतिनिधि मौजूद थे।

### स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती पर आर्य समाज के सदस्यों ने किया यज्ञ

**बिलासपुर।** आर्य समाज द्वारा संचालित दयानन्द पूर्व माध्यमिक शाला गोंड़पारा में स्वामी दयानन्द सरस्वती की 201 वीं जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। शाला की प्रधानपाठिका ममता दुबे ने बताया कि इस अवसर पर सदस्यों ने यज्ञ किया। आचार्य मनीष शास्त्री ने दयानंद की जीवनी पर प्रकाश डाला। दयानन्द जीवनी पर प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में सफल छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

# सीजी बोर्ड परीक्षा एक मार्च से,10वीं व 12 वीं में 170 से अधिक संवेदनशील केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सीजी बोर्ड के तहत दसवीं-बारहवीं की परीक्षा एक मार्च से शुरू होगी। इस परीक्षा के लिए प्रदेश में ढाई हजार तो जिले में 131 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। जिले में दोनों कक्षाओं को मिलाकर करीब 42 हजार छात्र बैठेंगे।

प्रदेश स्तर पर 170 से अधिक केंद्र संवेदनशील और अति संवेदनशील की लिस्ट में शामिल है। बोर्ड परीक्षा के लिए उड़न दस्ते का गठन भी किया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक दसवीं-बारहवीं सीजी बोर्ड परीक्षा के लिए इस बार 5.71 लाख छात्रों ने आवेदन किया है जो पिछली बार की तुलना में छात्रों की संख्या 27 हजार कम है। इस बार बारहवीं की



परीक्षा 1 मार्च से और दसवीं की परीक्षा 3 मार्च से शुरू होगी। यह परीक्षाएं 28 मार्च तक आयोजित की जाएंगी। अधिकारियों के मुताबिक माध्यमिक शिक्षा मंडल की ओर से हेल्पलाइन 15 फरवरी से शुरू की जा रही है। इसमें दिए गए नंबर पर छात्र बोर्ड परीक्षा से संबंधित सवाल पूछ सकते हैं। इसके साथ ही माशिमं ने मूल्यांकनकर्ताओं को गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थी का आशानुरूप परीक्षा परिणाम न आने से मूल्यांकन की गुणवत्त पर प्रश्न चिन्ह लगता है।

### सबसे ज्यादा परीक्षा केंद्र रायपुर में

10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के लिए<B> <B>सबसे अधिक केंद्र रायपुर में बनाए गए हैं। रायपुर में 10वीं की परीक्षा 152 और 12वीं की 149 केंद्रों में होगी। वहीं, बिलासपुर में 10वीं के 131 और 12वीं के 122 केंद्रों में परीक्षा होगी। कांकेर में 10वीं के लिए 130 और 12वीं के लिए 123 केंद्र बनाए गए हैं। बलौदाबाजार में 10वीं के 119 और 12वीं के 113 केंद्र बनाए गए हैं।

### 10 वीं की परीक्षा 3 मार्च से

इस बार 10 वीं बोर्ड की परीक्षा में 328522 छात्र बैठेंगे। वहीं, 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 240356 परीक्षार्थी बैठेंगे। 10वीं की मुख्य परीक्षा 3 मार्च से शुरू होगी और 24 मार्च तक चलेगी। वहीं, 12वीं की बोर्ड परीक्षा 1 मार्च से शुरू होगी और 28 मार्च को अंतिम पेपर होगा। दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं सुबह की पारी में सुबह 9 से 12.15 बजे तक चलेंगी। शारीरिक शिक्षा पत्रोपाधि परीक्षा भी 1 मार्च से शुरू होगी और 10 मार्च तक चलेगी।

### नियमित छात्रों का प्रैक्टिकल खत्म

दूसरी ओर सीजी बोर्ड की परीक्षा में स्वाध्यायी व तृतीय अवसर के रूप शामिल होने वाले छात्रों के लिए प्रैक्टिकल एग्जाम 1 मार्च से शुरू होगा। 23 मार्च तक यह परीक्षा संबंधित केंद्र में आयोजित की जाएगी। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा मंडल की ओर पिछले दिनों सूचना जारी की गई। उधर, दसवीं-बारहवीं के नियमित छात्रों के लिए प्रैक्टिकल व प्रोजेक्ट वर्क की परीक्षा खत्म हो गई है। यह 10 से 31 जनवरी तक संबंधित स्कूलों में आयोजित की गई।

## स्लीपर और एसी कोच में सफर करने के लिए कन्फर्म बर्थ की मारामारी

# प्रयागराज महाकुंभ : फिर बढ़ी सारनाथ में यात्रियों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश की एकमात्र प्रतिदिन चलने वाली सारनाथ एक्सप्रेस के सभी कोच में भी यात्रियों की भीड़ एक बार फिर से बढ़ गई है। पैक चलने वाली सारनाथ एक्सप्रेस के स्लीपर और एसी कोच में सफर करने के लिए कन्फर्म बर्थ की मारामारी होने लगी है। यात्रियों को प्रयागराज में पहुंचने और वापसी के बाद ट्रेन में जगह नहीं मिलने के कारण रेल प्रशासन ने विकल्प ट्रेनों की भी सुविधा शुरु की है, ताकि यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो सके।



13 जनवरी से प्रयागराज में महाकुंभ की शुरुआत हो गई है, जिसका आयोजन 26 फरवरी तक किया जाएगा। इस महाकुंभ में गंगा का शाही स्नान करने के लिए देश के कोने-कोने से बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज पहुंच रहे हैं, जिनकी संख्या करोड़ों में हैं। दूसरे प्रदेश के साथ प्रयागराज की ओर जाने वाले श्रद्धालु बड़ी संख्या में छत्तीसगढ़ प्रदेश के भी हैं। इन यात्रियों ने 26 फरवरी तक चलने वाले महाकुंभ के लिए दो माह पहले से ही बुकिंग कर रखी है, ताकि वे प्रयागराज तक आरामदायक सफर कर सकें। छत्तीसगढ़ से एकमात्र ट्रेन सारनाथ है, जो माणिकपुर, नैनी और प्रयागराज के साथ बनारस तक सफर करने यात्रियों के लिए सुविधाजनक है। सारनाथ में अचानक यात्रियों की अत्यधिक भीड़ के कारण वेटिंग के आंकड़े ने 250 से अधिक की संख्या को पार कर दिया था। जनरल और स्लीपर कोच के साथ एसी कोच में भी वेटिंग अधिक होने के कारण कन्फर्म टिकिट मिलनी मुश्किल हो गई थी। इसके कारण प्रयागराज की ओर जाने वाले यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। यात्रियों की सुविधा के लिए रेल प्रशासन ने विशाखापट्टनम के साथ एसईसीआर जोन से चार से पांच महाकुंभ स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा कर दी, जिसमें से एक ट्रेन का परिचालन बिलासपुर डिवीजन के रायगढ़ स्टेशन से 25 जनवरी को किया जा चुका है। स्पेशल ट्रेन के चलने के बावजूद सारनाथ एक्सप्रेस में सफर करने वाले यात्रियों की संख्या में कमी नहीं आई। वहीं प्रयागराज स्टेशन में यात्री ट्रेनों का दबाव अधिक होने के कारण ट्रेन को प्रयागराज स्टेशन के स्थान पर प्रयागराज छिक्की होकर चलाना शुरु कर दिया गया। इसके कारण ट्रेन भी लेट लतीफी चलने लगी। कुछ दिन पहले प्रयागराज के महाकुंभ में अचानक भगदड़ मचने से कई लोगों की मौत हो गई। वहीं प्रशासन ने भी सड़क मार्ग से प्रयागराज की ओर जाने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों के आने-जाने पर पाबंदी लगा दी। इसके बाद यात्रियों की संख्या में थोड़ी कमी आई, लेकिन पिछले दो दिनों से सारनाथ एक्सप्रेस के सभी कोच एक बार फिर से पैक हो गए हैं, जिसमें जनरल कोच के साथ स्लीपर कोच में भी पैर रखने की जगह नहीं मिल पा रही है।

### 90 फीसदी चांस नहीं कन्फर्म बर्थ के

रेल प्रशासन यात्रियों की सुविधा के लिए प्रयागराज स्टेशन तक के लिए स्पेशल ट्रेनों का परिचालन कर रही है, ताकि यात्रियों को कन्फर्म बर्थ और आरामदायक सफर की सुविधा दी जा सके। यह स्पेशल ट्रेनों का परिचालन केवल एक-एक फेरे के लिए ही किया जा रहा है, जिसकी वजह से यात्रियों को ट्रेन का भी इंतजार करना पड़ रहा है। प्रतिदिन चल रही सारनाथ एक्सप्रेस के जनरल कोच को छोड़कर स्लीपर की वेटिंग ने 200 से अधिक और एसी की वेटिंग का आंकड़ा 50 से 55 की संख्या को पार कर दिया है, जिसकी वजह से कन्फर्म बर्थ के लिए 90 फीसदी भी चांस नहीं मिल पा रहा है।

### शुरु की गई विकल्प की ट्रेनें

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के लिए रेलवे की ओर से यात्रियों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। स्टेशन पर लगातार अधिकारियों की निगरानी भी रहती है, जिसके लिए विशेष कर सीसी कैमरे भी लगाए गए हैं। रेलवे ने अब यात्रियों की सुविधा के लिए एक विकल्प की शुरुआत की है। इसके तहत प्रयागराज से वापस आने वाले यात्री जिनकी कन्फर्म टिकिट है और उनकी ट्रेनें किसी कारणवश छूट गई है तो वह यात्री संबंधित स्टेशन प्रबंधक से मुलाकात कर दूसरी ट्रेन में विकल्प के तौर पर अपना सफर कर सकते हैं।

# कड़ी सुरक्षा के बीच ईवीएम स्ट्रांग रूम में सील

## मानिटरिंग के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरे



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर पालिका निगम के 70 वार्डो में चुनाव कराने जो 509 मतदान दल गए थे वे सभी वोटिंग के बाद रात तक वापस लौट आए। रात्रि में ही पीठासीन की डायरी मिलान के बाद ईवीएम मशीन गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कालेज कोनी स्थित स्ट्रांम रूम में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सील कर दिया गया है। वहीं ईवीएम की मानिटरिंग के लिए स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरे भी लगवा दिए गए हैं।

नगर पालिक निगम बिलासपुर में चुनाव कराने 509 मतदान दल सोमवार को गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कालेज स्थित स्ट्रां रूम से ईवीएम मशीन सहित चुनाव सामग्री लेकर वाहनों से रवाना हुए थे। मंगलवार को सुबह 8 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक मतदान हुआ, उसके बाद मतदान दलों के वापसी का सिलसिला शुरू हुआ जो देर रात तक चलता रहा। मतदान दलों के वापसी के बाद स्ट्रांग रूम में पीठासीन अधिकारियों के डायरी मिलान की गई और उसके बाद निर्वाचन प्रेक्षक, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष स्ट्रांग रूम में ईवीएम को सील कर दिया गया है। स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रखी गई है और मानिटरिंग के लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगवाए गए हैं।

### शांतिपूर्ण संपन्न हुए चुनाव

नगरीय निकाय चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हो गया है और ईवीएम स्ट्रांग रूम में सील करवा दिया गया। इसके लिए सुरक्षा के जो भी मापदण्ड हैं उसे पूरा किया गया है। सीसीटीवी कैमरे लगवा दिए गए हैं। मतदान दलों में शामिल कर्मचारियों को निर्वाचन डयूटी का मानदेय भी नगद भुगतान करा दिया गया है।

**-शिव कुमार बनर्जी**
उप जिला निर्वाचन अधिकारी

### मतदान कर्मियों में बंटा सोलह लाख से अधिक मानदेय

नगरीय निकाय चुनाव अंतर्गत जिले में सात नगरीय निकायों में नगर पालिक निगम बिलासपुर, नगर पालिका परिषद तखतपुर, रतनपुर, बोदरी व नगर पंचायत बिल्हा, कोटा, मल्हार मिलाकर कुल 631 मतदान दलों का गठन किया गया था। एक-एम मतदान दलों में एक-एक पीठासीन अधिकारी सहित मतदान अधिकारी क्रमांक एक, दो व तीन तथा दो-दो सुरक्षाकर्मी की डयूटी लगाई गई थी। इसके अलावा कुल मतदान दलों के 10 प्रतिशत स्टाफ रिजर्व के रूप में रखें गए थे। इनमें पीठासीन के लिए मानदेय 1200 रुपए और मतदान अधिकारियों के लिए 900-900 रूपए तथा सुरक्षाकर्मियों को 650 रुपए मानदेय दिया गया। इस तरह लगभग 3 हजार 849 कर्मचारियों को नगरीय निकाय चुनाव के लिए नगद मानदेय बांटा गया और मानदेय के रूप में लगभग 16 लाख 51 हजार 200 रुपए भुगतान निर्वाचन कार्यालय की ओर से किया गया है। विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में मतदान दलों के कर्मचारियों को उनके बैंक खातों में भुगतान किया गया था, जिसमें खाते में पैसा नहीं आने की शिकायत भी मिली थी। इसलिए इस बार नगरीय निकाय चुनाव में नगद मानदेय दिया गया है।

# एसईसीएल ने अपैरल ट्रेनिंग एंड डिजाइन सेंटर से किया समझौता




समझौता के दौरान उपस्थित एसईसीएल के अफसर व अन्य।

**बिलासपुर।** एसईसीएल ने सीएसआर के तहत कोयलांचल के युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण देने के लिए अपैरल ट्रेनिंग एंड डिजाइन सेंटर गुरुग्राम से समझौता किया है। कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा-निर्देशन में 12 फरवरी को अतिरिक्त सचिव, कोयला मंत्रालय सुश्री रूपिंदर बरार की उपस्थिति में नई दिल्ली में हस्ताक्षर किए गए। इस दौरान एसईसीएल के निदेशक (कार्मिक), बिरंची दास एटीडीसी के वाइस प्रेसीडेंट राकेश वैद एटीडीसी के महानिदेशक और सीईओ डॉ. विजय माथुर एसईसीएल सीएसआर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

- 3.12 करोड़ की लागत से एसईसीएल संचालन क्षेत्र के 400 बेरोजगार युवाओं को मिलेगा प्रशिक्षण

### अतिरिक्त सचिव ने दी बधाई

अतिरिक्त सचिव ने कोयलांचल के युवाओं को सशक्त करने के लिए एटीडीसी के साथ व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम को लागू करने में सक्रिय और दूरदर्शी कदम उठाने के लिए एसईसीएल सीएसआर टीम को बधाई दी। 3.12 करोड़ की इस योजना के तहत एसईसीएल अपैरल ट्रेनिंग एंड डिजाइन सेंटर के माध्यम से 400 बेरोजगार युवाओं को वस्त्र निर्माण के क्षेत्र में व्यावसायिक प्रशिक्षण देगा।

### आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के युवाओं को लाभ मिलेगा

एसईसीएल की इस सीएसआर पहल से कोयलांचल के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के युवाओं को लाभ मिलेगा। इस समझौते के तहत एटीडीसी एसईसीएल बिश्रामपुर, सोहागपुर और कोरबा क्षेत्रों में गैर-आवासीय स्व-नियोजित टेलर प्रोग्राम में 300 उम्मीदवारों के लिए प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करेगा। इसके अतिरिक्त, 100 उम्मीदवारों को मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा में स्थित एटीडीसी प्रशिक्षण केंद्र में निशुल्क बोर्डिंग और लॉजिंग युक्त आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन उम्मीदवारों का चयन एसईसीएल के संचालन/खनन क्षेत्रों के 25 किमी के दायरे से किया जाएगा।

दोषी कोई भी हो बक्शे नहीं जाएंगे

# लोफंदी में पीड़ित परिवार से मिले सुशांत, दिए जांच के आदेश



**बिलासपुर।** जहरीली शराब के मामले में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने ग्राम लोफंदी जाकर पीड़ित परिवार से मुलाकात कर मामले की जांच करने के आदेश दिए। अवैध शराब सेवन से हुए मौत को लेकर विधायक सुशांत शुक्ला सख्त तेवर में नजर आए।

उन्होंने दोषियों पर त्वरित कार्रवाई करने तथा पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता देने की बात कही। श्री शुक्ला ने इस पर आबकारी विभाग के आला अधिकारियों को सचेत किया। संबंधित थाने के पुलिस अधिकारी को निश्चित समयावधि के भीतर परिणाम और गांव के आसपास होने वाले शराब के अवैध व्यापार पर तत्काल प्रभाव से अंकुश लगाने कहा। विधायक ने पीड़ित परिवारों को स्वेच्छा निधि से आर्थिक मदद की घोषणा कर मुख्यमंत्री सहायता कोष से भी राहत राशि दिलाने की बात कही। ज्ञात हो कि बीते दिनों बेलतरा विधानसभा की ग्राम पंचायत लोफ्रदी में महुआ शराब पीने की वजह से 9 लोगों की मृत्यु हो गई। जिसके कारण पूरे प्रदेश भर में यह मामला सुर्खियों में बना रहा।

### अवैध रेत परिवहन की भी शिकायत मिली

विधायक श्री शुक्ला ने कहा कि दोषी कोई भी हो किसी भी सूरत में बक्शे नही जाएंगे। सच्चाई को सामने ला कर ही दम लेंगे। जिन परिवारों ने अपनों को खोया है हमारी पूरी सहानुभूति उनके लिए है। उन्हें किसी भी तरह से राहत मिले शासन स्तर पर कदम उठाए जाएंगे। श्री शुक्ल ने बताया कि यहां अवैध रेत परिवहन की भी शिकायत मिली है, जिसे संज्ञान में लेते हुए जिला खनिज अधिकारी एवं कलेक्टर से बात कर तत्काल कार्रवाई करने को कहा गया है।

एजुकेशन प्लस

# एवीएम न्यू सैनिक स्कूल में कॅरियर काउंसलिंग सत्र

**बिलासपुर।** आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल में कॅरियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। इसमें मुंबई से कॅरियर काउन्सलर और ट्रेनर विनोद नायक ने कक्षा 11वीं के कला वर्ग, विज्ञान वर्ग और वाणिज्य वर्ग के छात्रों को करियर चयन के पहले और चयन के बाद क्या करें इस पर चर्चा की।

उन्होंने बताया कि करियर की प्लानिंग कक्षा 11वीं से शुरु कर देनी चाहिए। जिससे अपने कार्य क्षेत्र को जानने, समझने, योजना बनाने व क्रियान्वयन करने के लिए पर्याप्त समय मिलता है। चयनित करियर के विषय में सही जानकारी के लिए उस विषय के विशेषज्ञ से मिले। कॅरियर का चयन ध्यान से करें और कॅरियर चयन प्लान के साथ करें। यदि अपने कार्य में असफल हो जाते हैं तो हतास नहीं होना है। आत्म मूल्यांकन कर पुनः प्रयास करना है। उन्होंने बताया कि इस दौरान हमारे जीवन में दो प्रकार के दबाव होते हैं। आंतरिक और समाज, माता - पिता और साथियों जैसे बाह्य कारकों का दबाव, लेकिन हमें केवल आंतरिक दबाव पर ही ध्यान देना है। सब कुछ भूलकर हमें आगे बढ़ना चाहिए। जीवन में असफलता या दुर्घटना के बाद मानसिक और शारीरिक रुप से यदि ठीक हैं तो दुर्घटना को और मज़बूत बनाती है। उन्होंने बताया कि छात्र अपना विश्लेषण स्वयं करे अपने आप को समझे, अपनी कार्य क्षमता को जानें। सुबह से शाम के कार्यो की समय - सारिणी बनाए। प्रतियोगिता स्वयं से करें। काम के महत्व के आधार पर उस पर ध्यान दें। क्योंकि अगर प्लान करने में फेल होते हैं तो वह प्लान भी फेल होता है। आप को अपने कौशल बढ़ाने पर विशेष ध्यान देना चाहिए।



- कॅरियर काउन्सलर विनोद नायक ने कहा कॅरियर की प्लानिंग कक्षा 11वीं से शुरु कर देनी चाहिए

### याद विद्यार्थी को ही करना पड़ता है

ट्रेनर विनोद नायक शिक्षक और छात्र के संदर्भ में बताया कि शिक्षक जितना भी सिखाए अंततः याद विद्यार्थी को ही करना पड़ता है। शिक्षक परीक्षा के बाद सीखता है और छात्र सीखने के बाद परीक्षा देता है। सत्र के दौरान कई तरह के एक्टिविटी करवाए गए। छात्रों ने पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए और अपनी जिज्ञासा व्यक्त किए।


## मालगाड़ी चलाने यात्री ट्रेनों को लगातार किया रद्द

# मालभाड़े से रेलवे ने कमाए 25 हजार करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मालगाड़ियों में माल लदान से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन ने 25 हजार करोड़ रुपए का आय अर्जित तो कर लिया है, लेकिन इन मालगाड़ियों को चलाने और माल लदान को पूरा करने के लिए हजारों की संख्या में यात्री गाड़ियों को रद्द कर लाखों यात्रियों को परेशान भी किया है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन की प्रतिवर्ष सबसे अधिक उपलब्धि मालगाड़ियों को चलाने और माल लदान के लक्ष्य को पूरा करने के लिए होती है। एसईसीआर के अफसर माल लदान का टारगेट पूरा करने के लिए लांग हॉल यानि तीन से चार मालगाड़ियों के वैगन को जोड़कर एक मालगाड़ी के साथ रेलवे ट्रैक पर केवल मालगाड़ी ही चलाना चाहते हैं। इन मालगाड़ियों की वजह से प्रतिवर्ष की तरह इस वित्तीय वर्ष में सैकड़ों की संख्या में यात्री गाड़ियों को रद्द करने के साथ कई यात्री गाड़ियों को आउटर में घंटो नियंत्रित



करते हुए लाखों यात्रियों को परेशान किया गया है। बिलासपुर रेलवे स्टेशन के साथ आसपास के छोटे स्टेशनों पर भी यात्री गाड़ियों की तुलना में प्लेटफार्म पर मालगाड़ियों का स्टापेज अधिक हो रहा है। रेलवे का कहना है कि देश की आर्थिक प्रगति में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान है। अपनी स्थापना के बाद से ही देश में औद्योगिक संरचना एवं उनके विकास के लिए कच्चे माल, अयस्कों एवं तापघरों के लिए कोयला पहुंचाने में निरंतर रूप से कार्यरत हैं। पूरे देश के पावर हाउस, उद्योगों, कारखानों को कोयला, लौह अयस्क, सीमेंट, उर्वरक, मैगनीज इत्यादि सामाग्री पहुंचाने में रेलवे की महत्वपूर्ण भूमिका है।

### पिछले वित्तीय वर्ष के सामान अवधि की तुलना में 6.76 फीसदी अधिक

रेलवे ने वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में केवल 316 दिन 10 फरवरी में 25 हजार करोड़ से अधिक आय मालगाड़ी चलाकर और मालभाड़े से अर्जित कर कीर्तिमान करते हुए अपने पहले स्थान को कायम रखा है। पिछले तीन लगातार वित्तीय वर्षो से एसईसीआर 25 हजार करोड़ से अधिक मालभाड़ा आय अर्जित करने वाला रेलवे है। पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 की तुलना में 19 दिन पहले और 2022-23 की तुलना में 31 दिन पहले यह उपलब्धि हासिल कर ली है। यह पिछले वित्तीय वर्ष के सामान अवधि की तुलना में 6.76 फीसदी अधिक है।

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, गुरुवार 13 फरवरी 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




बोर्ड एग्जाम के करीब आते ही कमजोर बच्चों की चिंता कठिन विषयों को लेकर बढ़ने लगी है। उनकी चिंता कम करने और बच्चों के डाउट क्लीयर करने अब स्कूलों में शिक्षक प्रोजेक्टर के जरिए पढ़ाई करा रहे हैं। शिक्षकों का कहना है कि स्कूलों में 10वीं में विज्ञान, भूगोल तो वहीं 12वीं में बायो, रसायन और भौतिक के विषय को लेकर छात्रों के डाउट अधिक है। इसे दूर करने के लिए शिक्षक 40 मिनट से लेकर एक घंटे तक की अलग से क्लास ले रहे हैं।




**स्कूलों में बोर्ड छात्रों के डाउट कर रहे क्लीयर, डायग्राम से समझा रहे कठिन विषय**

# हिंदी में तय शब्द सीमा से अधिक लिखते हैं 80 प्रतिशत परीक्षार्थी, संस्कृत में मात्रा-वचन व रूप में कटते हैं नंबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छात्रों को बोर्ड पेपर में किस तरह से लिखना है और सवालों के जवाब लिखने में कितना समय देना है, यह समझा रहे हैं। साथ ही मात्राओं की गलतियों के बारे में बता रहे हैं, ताकि नंबर न कटें। स्कूलों में इन दिनों शिक्षक कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान दे रहे हैं, ताकि तैयारी को लेकर चिंता दूर हो। गणित, संस्कृत, इंग्लिश और विज्ञान समेत अन्य विषयों के महत्वपूर्ण सवालों को विस्तार से हल करना और उत्तर लिखना समझा रहे हैं।

### कॉलम बनाकर लिखें जवाब

प्रोजेक्टर के माध्यम से शिक्षक बच्चों को एग्जाम में उत्तर लिखने के तरीके बता रहे हैं। ऐसी गलतियों के बारे में भी बताया जा रहा है, जिसे ज्यादातर बच्चे करते ही हैं। शिक्षकों का कहना है कि ऑब्जेक्टिव सवाल का जवाब देने के लिए प्रश्न और उसके विकल्पों को उसी तरह लिख देते हैं, जैसा प्रश्नपत्र में लिखा है, बाद में उन्हें आड़ी-तिरछी लकीर खींचकर सही ऑप्शन चुनते हैं। एग्जाम में कॉलम बनाकर जवाब लिखने चाहिए।

### चिन्हों के कारण भी कटते हैं अंक

अक्सर स्टूडेंट्स की शिकायत होती है कि पेपर अच्छा जाने के बाद भी अंक वैसे नहीं आते, जैसी उम्मीद थी। इसलिए अब शिक्षक स्कूल में विषयवार उत्तर लिखने की जानकारी दे रहे हैं। शिक्षक बिहारीलाल शर्मा ने बताया, हिंदी में 80 फीसदी छात्र लिखते वक्त शब्द सीमा पार कर जाते हैं। इस वजह से नंबर कट जाते हैं। बच्चों को मात्राओं की जानकारी दे रहे हैं, क्योंकि विराम चिन्ह पर ध्यान नहीं देने के कारण भी नंबर कट जाते हैं।

### काल आदि के प्रश्नों में गलती अधिक

शिक्षक बच्चों को बता रहे हैं कि गणित की तरह संस्कृत में भी पूरे अंक मिल सकते हैं। इस विषय में छात्रों के नंबर मात्रा, वचन और रूप आदि में सबसे ज्यादा कटते हैं। लिखावट साफ न होने और गलत शब्द लिखने से एक से दो नंबर कट जाते हैं। इसी तरह काल आदि के प्रश्नों में छात्र गलती करते हैं। सोशल साइंस में छात्र तारीख और नाम गलत लिखते हैं तो वहीं इंग्लिश में कॉमा, फुलस्टॉप न लगाने से अंक कम होते हैं। ग्रामर के पार्ट में परीक्षार्थी सबसे ज्यादा गलती करते हैं। प्रश्न को समझे बिना ही गलत उत्तर लिखते हैं।

### अपने रुटीन समय पर करें पढ़ाई

स्कूल में छात्रों को अपने रुटीन समय पर पढ़ाई करने को कहा जा रहा है, ताकि नींद पूरी हो सके। अनियमित समय में पढ़ाई करने से स्वास्थ्य भी खराब हो सकता है। घर में जिस समय और जगह पर पढ़ाई करते हैं, वहीं करें। रटने और रिपीट करने से ज्यादा विषयों को ध्यान से समझने के लिए कहा जा रहा है। इसके अलावा एक घंटे के बाद छोटा ब्रेक लेने भी सुझाव दिए जा रहे हैं।



## दिल्ली पब्लिक स्कूल में परीक्षा पर चर्चा का प्रदर्शन

दिल्ली पब्लिक स्कूल में विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से बड़े स्क्रीन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबसे लोकप्रिय कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा का प्रदर्शन किया गया, जिसकी रोचकता से सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि जो समस्याएँ विद्यार्थियों को महसूस होती थीं, वह उन्होंने इस प्रोग्राम को सुनकर आसानी से समाधान के रूप में देखा। संस्था प्राचार्य जसपाल सिंह ने विद्यार्थियों को इस प्रोग्राम के बाद दिए गए परीक्षा संबंधी टिप को अपने जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया।

समस्त विद्यार्थियों ने विद्यालय प्रबंधन तथा प्राचार्य के द्वारा बड़ी स्क्रीन पर इस प्रोग्राम को दिखाने के लिए विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्था के विद्यार्थी एवं समस्त शिक्षक- शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही।

जयंती

## गुरु रविदास जयंती पर आकर्षक झांकी के साथ निकली शोभायात्रा



**बिलासपुर**। माघी पूर्णिमा के अवसर पर संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती बुधवार को मनाई गई, करबला स्थित गुरु रविदास गुरुद्वारा में अहिरवार समाज द्वारा कई आयोजन किए गए। अहिरवार जिला समिति के सदस्यों ने बताया कि गुरु रविदास की जयंती पर सुबह आरती हुई, इसके बाद दयालबंद के रागी जत्था के द्वारा संत रविदास की गुरुवाणी सुनाई गई। वहीं दोपहर के समाज के लोगों द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई, यह यात्रा गांधी चौक से होकर हटरी चौक, गोलबाजार, सदर बाजार, सिम्स चौक, पुलिस ग्राउंड, पुराना बस स्टैंड होते हुए संत रविदास नगर करबला पहुंची। इसमें कई आकर्षक झांकी भी सजाई गई थी, वहीं शाम 6 बजे गुरु की महाआरती की गई, इसके पश्चात भंडारा का आयोजन किया गया, व रात्रि में भजन-कीर्तन किया गया।



आयोजन

## गोष्ठी में वसंत ऋतु पर सरस रचनाओं का किया पठन



**बिलासपुर**। बिलासपुर साहित्य समिति की मासिक गोष्ठी वसंत ऋतु पर आधारित सरस रचनाओं के पठन पर केंद्रित रहा। यह समिति की 257 वीं गोष्ठी रही। यह अनवरत विगत 22 वर्षों से आयोजित होते आ रही है।

गोष्ठी समिति के अध्यक्ष बल्लू दुबे के गोंड़पारा स्थित गंगा विष्णु भवन में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि बसंत पांडेय ऋतुराज थे। अध्यक्षता वरिष्ठ कवि विजय तिवारी ने की। कवियों ने वसंत ऋतु पर आधारित सरस रचनाओं का पठन किया। इस मौके पर कवि एनके शुक्ल, राकेश खरे, शैलेंद्र गुप्ता, केवल कृष्ण पाठक, रविंद्र पांडेय, डा. सुधाकर बिबे, बल्लू दुबे, अमृतलाल पाठक, विजय तिवारी, हरबंश शुक्ल, सुदेश दुबे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हरबंश शुक्ल ने किया।

**गोंड़पारा में बिलासपुर साहित्य समिति का आयोजन**

धर्म-क्षेत्र

## वेदी पूजन, हवन, तुलसी वर्षा के साथ भागवत कथा का समापन





**बिलासपुर**। क्षमा रविशंकर शुक्ला जावलपुर द्वारा लखीराम आडिटोरियम में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के समापन पर बुधवार को पं. राघवेंद्र कृष्ण के सानिध्य में वेदी पूजन कर गोपालजी का अभिषेक व रूद्राभिषेक किया गया। तुलसी वर्षा कर हवन किया गया। इसमें शुक्ला परिवार के सदस्यों सहित अन्य लोगों ने भी आहूतियां दी। इससे पूरा माहौल आध्यात्ममय बना रहा। सहस्त्रधारा के बाद कथा वाचक अमर कृष्ण शुक्ला उपस्थित लोगों को आशीर्वाद दिया। अंत में भण्डारा रखा गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रभु का प्रसाद लिया। इस मौके पर क्षमा रविशंकर, समृद्धि नरेश शुक्ला सहित डेढ़ सौ लोग उपस्थित थे।

**कथावाचक ने उपस्थित लोगों को दिया आशीर्वाद**

# संस्कारों से जुड़े रहकर देश के विकास में भागीदारी देने पर बल दिया




### अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन एक सकारात्मक समाज और राष्ट्र के निर्माण की ओर का आयोजन

**बिलासपुर**। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग द्वारा इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ मैनेजमेंट और ब्रिसबेन इंस्टीट्यूट ऑफ स्ट्रेंथ-बेस्ड प्रैक्टिस, ऑस्ट्रेलिया के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन एक सकारात्मक समाज और राष्ट्र के निर्माण की ओर का आयोजन को किया गया है।

इस दो दिवसीय सम्मेलन में जर्मनी, मालदीव, श्रीलंका, कनाडा, केन्या और नेपाल सहित विभिन्न देशों के प्रतिष्ठित शिक्षाविद, सामाजिक वैज्ञानिक और विचारकों ने भाग लिया। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य विकसित भारत कि संकल्पना में शैक्षिक संस्थानों कि भूमिका सकारात्मक समाज और राष्ट्रीय विकास के लिए योगदान पर चर्चा कर उचित प्रस्ताव प्रेषित करना था। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रोफेसर अमित कुमार सक्सेना ने कुलपति, प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल का प्रतिनिधित्व करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सत्र की मुख्य वक्ता प्रोफेसर रंजना सहगल थीं, सम्मेलन का एक प्रमुख आकर्षण प्रोफेसर रंजना सहगल का उद्घाटन व्याख्यान रहा, इसके अतिरिक्त, प्रोफेसर रंजना सहगल द्वारा लिखित एक नई पुस्तक का विमोचन भी कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। विशिष्ठ अतिथि डॉ. डब्ल्यू. जी. प्रसन्ना कुमार ने अपने उद्बोधन में युवाओं से देश के प्रति संपर्पण अपने दायित्वों के उचित निर्वहन और अपने संस्कारों से जुड़े रह कर देश के विकास में भागीदारी देने पर बल दिया। कार्यक्रम का समापन डॉ. संदीप कुमार मोरिशेट्टी द्वारा आभार प्रदर्शन और उसके बाद राष्ट्रीय गान के साथ हुआ।विशिष्ठ अतिथि के रूप में डॉ. डब्ल्यू. जी. प्रसन्ना कुमार रहे, प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार और प्रोफेसर आर. के. प्रधान शामिल थे। स्वागत भाषण डॉ. सस्मिता पटेल, सामाजिक कार्य विभाग की प्रमुख द्वारा दिया गया।




### आठ सत्रों पर हुई चर्चा

सम्मेलन की संयोजिका डॉ. अर्चना यादव ने सम्मेलन के उद्देश्यों और महत्व पर गहन प्रकाश डाला। कार्यक्रम सम्मेलन का अगला चरण विकसित भारत एकात्म मानववाद सामाजिक विज्ञान और मानविकी की भूमिका पर डॉ. रितुपर्णा भट्टाचार्य और राष्ट्र निर्माण में सामाजिक कार्य की भूमिका का पुनःपरिकल्पन समकालीन समय में अवसर और चुनौतियां पर गंगाभूषण एम. मोलनकल द्वारा प्लेनरी सत्र के साथ जारी रहा। इसके बाद तकनीकी सत्र और सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया,सम्मेलन में कुल 8 तकनीकी और दो प्लीनरी सत्र का संचालन हुआ।

### इन वक्ताओं ने विचार रखे

सम्मेलन में प्रमुख वक्ता रहे डॉ. वी.एन. कांथा राव, मानव संसाधन सलाहकार एवं पूर्व डीन, आईएसएबीएस, नई दिल्ली, डॉ. सोजन एंटनी, अतिरिक्त प्रोफेसर, निम्हांस बेंगलुरु. टी. सुमालिनी, सहायक प्रोफेसर, विभाग शिक्षा और शिक्षा प्रौद्योगिकी, हैदराबाद विश्वविद्यालय, भारत, सारा टंडेल, मुखलासी के सह-संस्थापक, मुंबई, भारत वी. वासुदेवन, अतिरिक्त महानिदेशक उपस्थित रहें। सम्मेलन में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, 50 से अधिक प्रतिभागियों ने अपने शोध पत्र पढ़े।

**वीरांगना राजपूत समाज की सदस्यों ने किटी में गाए गीत, लगाए ठुमके**



## दक्षिण भारतीय परिधान में महिलाओं ने किया रैम्प वॉक

**बिलासपुर**। अखिल भारतीय विरांगना राजपूत समाज ने बुधवार को शहर के एक निजी होटल में किटी पार्टी आयोजित की। इसमें सभी सदस्य साऊथ इंडियन वेश में भाग लेकर रैम्प वॉक किया। वॉक के समय सदस्य पर्री में फूल, पत्ता रखे रहे, पर किसी के हाथ से एक भी फूल नहीं गिरा। इसमें सभी ने जमकर इंजॉय किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सभी सदस्यों में इत्र डाल एवं नजर उतार वेलकम कर किया गया। समाज की अध्यक्ष प्रीति चौहान ने बताया कि उनकी यह संस्था हर बार अलग-अलग थीम में आयोजन करती है। इसी क्रम में इस बार साऊथ इण्डियन थीम में पूरा कार्यक्रम रखा गया। इस थीम के तहत सभी महिलाओं ने ड्रेस, मेकअप कर कार्यक्रम में हिस्सा लिया। होस्ट प्रियंवदा ने कहा कि आज बहुत ही खुशी का दिन है कि समाज की सभी महिलाएं एक साथ हैं। यह हम सभी के लिए यादगार पल रहेगा। पंचुअल्टी का इनाम वंदना, विनीता, सुषमा सहित पांच लोगों को दिया गया। इसके बाद हाऊजी खेल कर सभी ने इसका आनंद उठाया। गीत-संगीत गाकर जमकर ठुमके लगाए। कार्यक्रम की होस्ट प्रियंवदा सिंह, वंदना सिंह, साधना, बबीता सिंह रहीं। इस मौके पर किरण ठाकुर, रीतु सिंह, शशि चौहान, हीना ठाकुर, संगीता सिंह, प्रियंका सिंह, दीप्ति ठाकुर, तृप्ति, संध्या सिंह, शालिनी बिसेन, निरूपमा, उषा ठाकुर, सुचिता सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं। आयोजन को लेकर सभी में भारी उत्साह दिख रहा था।

### पोसंपास गेम रहा रोचक

कार्यक्रम में पोसंपास गेम खेला गया जो कि काफी रोचक रहा। इसमें प्रीति चौहान प्रथम, विनीता द्वितीय, सुषमा चौहान तृतीय, रीतु ठाकुर चतुर्थ, वंदना पांचवां व वर्षा छठवें स्थान पर रही। सभी विजेताओं को इनाम दिया गया।

**और तीन विषयों में मिली दूरस्थ शिक्षा की मान्यता,बीते सत्र से एमबीए, बीबीए, बी,लिब, एवं बी कॉम में हो रही पढ़ाई**

# सीवीआरयू के दूरस्थ शिक्षा में एमए हिन्दी, इग्लिश व एम.कॉम की होगी पढ़ाई

कार्नर न्यूज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डा.सी.व्ही.रमन विश्वविद्यालय को डिस्टेंश एजुकेशन ब्यूरों से तीन पीजी पाठ्यक्रमों में दूरस्थ शिक्षा की मान्यता प्राप्त हुई है। विश्वविद्यालय को एमए हिन्दी, एम इंग्लिश और एम कॉम की मान्यता और प्रदान की गई है। इसके पहले चरण में एमबीए, बीबीए, बी,लिब, एवं बी कॉम पाठ्यक्रम की मान्यता प्रदान की गई थी, यह पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है। अब विद्यार्थी इन तीन कोर्स में भी प्रवेश ले सकेंगे। डॉ.सी.व्ही.रमन विश्वविद्यालय प्रदेश का पहला निजी विश्वविद्यालय है, जिसे दूरस्थ शिक्षा संचालन की मान्यता मिली है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए विष्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रवि प्रकाश दुबे ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप विष्वविद्यालय कार्य कर रहा है। प्रदेश के पहले निजी विश्वविद्यालय होने का गौरव भी सीवीआरयू को प्राप्त है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने नैक के ए ग्रेड होने पर ही दूरस्थ षिक्षा संचालन की अनुमति और प्रक्रिया में शामिल होने का निर्देश दिया था। इसके बाद विश्वविद्यालय को दिसंबर 2023 में नैक से ए ग्रेड प्रदान किया। प्रदेश का पहला निजी विश्वविद्यालय जो नैक से ए ग्रेड प्राप्त है इस बात का सम्मान भी सीवीआरयू को प्राप्त हुआ है।




### 93 विवि को मिली अनुमति

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉक्टर अरविंद तिवारी ने बताया विष्वविद्यालय के पहले सत्र में देश भर के कुल 93 विवि को दूरस्थ शिक्षा की मान्यता मिली थी। जिसमें 39 राज्य विवि, 17 ओपन विवि, 7 केंद्रीय विवि और 17 निजी विवि है। जिसमें हमें एमबीए, बीबीए, बीएएलबी एवं बी कॉम पाठ्यक्रम की मान्यता प्रदान की गई थी। दूरस्थ शिक्षा संचालन का विश्वविद्यालय के पास बड़ा और लंबा अनुभव है। विश्वविद्यालय को वर्ष 2009 से 2020 जनवरी तक निरंतर दूरस्थ शिक्षा की मान्यता थी।

### इन फैशलिटी से मिली मान्यता

विश्वविद्यालय को दूरस्थ शिक्षा संचालन का 10 साल का अनुभव है, प्रदेश के हजारों विद्यार्थियों को दूरस्थ शिक्षा से पढ़ाई करने का लाभ मिला है। यही कारण है कि इस बार फिर हमें एमए हिन्दी, एम इंग्लिश और एम कॉम की मान्यता और प्रदान की गई है। विवि के दूरस्थ शिक्षा संचालन के लिए उत्कृष्ट अधोसंरचना, उपलब्ध है, जिसमें स्मार्ट क्लास रूम, स्टूडियो, एसएलएम, एआईएम, ई-एलएम, उपलब्ध है। इन पाठ्यक्रमो को मॉक, ईपीजी, पाठशाला से भी एलाइन किया गया है। हाईब्रिड मोड में शिक्षण प्रशिक्षण की व्यवस्था है।

## खबर संक्षेप

### जेईई मेंस मे उज्जवल ने हासिल किया 98.10 परसेंटाइल



**पथरिया।** आईआईटी और एनआईटी मे दाखिले के लिए होने वाली परीक्षा ज्वाइट एंट्रेंस एग्जाम जेईई का रिजल्ट जारी हो चुका है। जिसमे छात्र उज्वल चंद्रा निवासी हेमू नगर बिलासपुर ने जेईई मेंस 2025 मे फिजिक्स मे 98.7, मैथ्स मे 95.5 व केमिस्ट्री 94.6 अंक कुल 98.10 पर्सेंटाइल प्राप्त किया है। छात्र उज्वल चंद्रा पथरिया थाना में पदस्थ थाना निरीक्षक रघुवीर सिंह चंद्रा व योगिता चंद्रा के पुत्र हैं। उज्वल की इस सफलता के बाद घर-परिवार और मोहल्ले में खुशी का माहौल है। उन्होंने बताया की एलेन कोचिंग बिलासपुर से पढ़ाई कर उन्होंने परीक्षा की तैयारी की है।

### बंधक बनाकर मारपीट करने का आरोप

**कोरबा।** जिला अस्पताल के 108 एम्बुलेंस में जिला समन्वयक के पद पर पदस्थ ग्राम बालीगंज, थाना कस्बा, जिला कोलकाता निवासी प्रिंस कुमार पाण्डेय ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है कि 108 एम्बुलेंस वाहन के कई चालक एवं ई. एम.टी.द्वारा आए दिन डियूटी अवधि में शराब का सेवन करना एवं समय-बेसमय मनमाने तरीके से ड्यूटी में आने पर उन्हें अनेकों बार ऐसा गलत कार्य नहीं करने के लिए समझाईश देते हुए ड्यूटी अवधि में शराब का सेवन नहीं करने के लिए कहा गया था। इसकी सूचना अपने उच्चाधिकारी को भी दी गई थी। 10 फरवरी की दोपहर लगभग 1 बजे प्रिंस कुमार पाण्डेय के घर कर्मी पहुंचे थे और उसे अपने साथ जिला अस्पताल परिसर में स्थित यशोदा भवन में दरवाजा बंद कर बंधक बनाकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मामले की शिकायत कर मारपीट करने वाले कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### एंबुलेंस चालक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कोरबा।** एक एंबुलेंस चालक की पेड़ से लटकती लाश मिली है। युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। बताया जा रहा है कि युवक प्रेम प्रसंग के कारण मानसिक तनाव में रहता था जिसके कारण उसने यह आत्मघाती कदम उठा लिया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक यह पूरा मामला दर्री थाना क्षेत्र का है। जहां प्रगति नगर तीन नंबर गेट के पास पेड़ पर फांसी के फंदे से लटकती हुई युवक की लाश मिली है।

## निधन

### डा. देवचरण सिंह मधुकर



**बिलासपुर।** मालखरोदा एवं मस्तूरी के पूर्व विधायक डॉ देवचरण सिंह मधुकर का 12 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 13 फरवरी को सरकंडा मुक्ति धाम बिलासपुर में दोपहर 2 बजे किया जाएगा। उनका अंतिम दर्शन उनके गृह ग्राम पचपेड़ी में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक कर सकते हैं।

### सुलभा डोंनगावकर



**बिलासपुर।** विनोबा नगर बनर्जी गली एल 4 रामा मैगनेटो के पास रहने वाली सुलभा डोंनगावकर का निधन हो गया। वे 82 वर्ष की थीं। उनकी अंतिम यात्रा 13 फरवरी को उनके निवास से सुबह 10 बजे भारतीय नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे संदीप व संजय डोनगावकर एवं सुनीता की माता थीं।

### दिनेश चंद्र गौड़



**बिलासपुर।** सकरी आसमां सिटी निवासी शिक्षक दिनेश चंद्र गौड़ का 11 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सकरी स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे साकेत, सलभ और सचिन गौड़ के पिता थे।

### भरत भूषण भण्डारी



**लगरा।** राजकिशोर नगर निवासी भरत भूषण भण्डारी का 68 वर्ष की उम्र में 12 फरवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान राजीव विहार से 13 फरवरी को सुबह 11 बजे मुक्तिधाम सरकंडा के लिए निकाली जाएगी। वे नीरज भूषण, विनीत भूषण व हेमलता के पिता थे।

पुरुषों से अधिक प्रतिशत रही महिलाओं की वोटिंग

# फर्स्ट टाइम वोटर्स ने उत्साह के साथ किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

नगर पालिका चुनाव में पहली बार वोट देने वाले नए मतदाताओं में चुनाव को लेकर खासा उत्साह देखा गया। परिजनों के साथ मतदान करने पहुंचे युवा मतदाताओं ने शहरी सरकार बनाने में अपनी भूमिका को लेकर उत्साहित नजर आए। नगरीय निकाय चुनाव में मतदान करने वालों में पुरूषों की संख्या अधिक रही, महिलाओं का प्रतिशत पुरूषों की तुलना में कम रहा।

नगरीय निकाय चुनाव के लिए मतदान की प्रक्रिया मंगलवार पूरी कर ली गई। जिले के 6 निकाय में भी शहरी सरकार चुनने मतदाताओं में जोरदार उत्साह देखने को मिला। पहली बार वोट डालने पहुंचे मतदाताओं एवं बुजुर्ग मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। सुबह जहां कुछ मतदान केंद्रों में मतदाताओं की लंबी कतार देखने को मिली, वहीं शाम को शहरी इलाकों के वार्डों में मतदाता वोट डालने कतार में खड़े नजर आए। युवा मतदाताओं ने मंगलवार को पहली बार नगरीय निकाय चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग किया।



परिजन के साथ मतदान करने पहुंचे युवा मतदाता।

सुबह से मतदान को लेकर उत्सुक ये नए मतदाता जब बूथ पर पहुंचे तो उन्हें थोड़ी घबराहट सी हो रही थी। लेकिन बूथ से जब वोट डाल के बाहर आए तो इनका सीना गर्व से चौड़ा था। युवा मतदाताओं ने लोकतंत्र में अपनी भागीदारी निभाकर खुद को गौरवान्वित महसूस किया।

छत्तीसगढ विधानसभा चुनाव में गेमचेंजर रही महतारी वंदन योजना का लाभ भाजपा को लोकसभा चुनाव में भी मिला, लेकिन नगर पालिका चुनाव में महिलाओं का वोट प्रतिशत कम रहा। शहरी क्षेत्र से ज्यादा उत्साह आउटर के मतदाताओं में नजर आया। मुंगेली में जहां 71.47 प्रतिशत पुरूषों ने वोट दिया, वहीं 67.79 प्रतिशत महिलाओं ने वोट दिया। इसी तरह से नगर पालिका लोरमी में भी पुरूषो की अपेक्षा महिलाओं में उत्साह कम नजर आया। पुरूषों का वोट प्रतिशत जहां 70.44 रहा, वहीं महिलाओं का प्रतिशत 67.53 प्रतिशत रहा। केवल जरहागांव नगर पंचायत में महिलाओं का वोट प्रतिशत पुरुषों से अधिक रहा, यहां 78.50 प्रतिशत पुरूषों एवं 80.56 प्रतिशत महिलाओंने मतदान किया।



## मतदान के बाद प्रत्याशियों ने परिवार के साथ बिताया समय

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

नगरीय निकाय चुनाव संपन्न होने के बाद प्रत्याशियों को दौड़-भाग से राहत मिली। लगातार चुनावी व्यस्तता के बाद मिले फुर्सत के पलों को प्रत्याशियों ने अपने परिवार के साथ बिताया।

■ वंदना ने बनाया खाना, पूजा ने जाना बच्चों की पढ़ाई का हाल

नगरपालिका अध्यक्ष और पार्षद चुनाव के लिए कांग्रेस एवं भाजपा के साथ-साथ निर्दलीय प्रत्याशी भी मैदान में उतरे हैं। नाम निर्देशन प्रक्रिया पूर्ण होने एवं चुनाव चिन्ह आबंटित होने के बाद सभी प्रत्याशियों ने चुनावी दौड़-भाग शुरू कर दी एवं लगातार मतदाताओं से संपर्क कर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील करते रहे। 11 फरवरी को मतदान संपन्नहोने के बाद सभी ने अपनी-अपनी जीत हार की समीक्षा कर अपने परिवार के साथ फुर्सत के पल बिताए। इसी क्रम में नगरपालिका तखतपुर की भाजपा अध्यक्ष प्रत्याशी वंदना बाला सिंह ने भी अपने घर में परिवार के साथ फुर्सत के बिताए। इस दौरान उन्होंने कहा कि लगभग 15 दिनों तक चुनाव प्रचार के कारण वे न तो समय पर घर पहुंच पा रही थीं और न ही अपने परिजनों से ठीक से बातचीत हो पा रही थी, केवल चुनावी चर्चा ही हो रही थी। अब मतदान हो चुका है, ऐसे में उन्होंने अपनी सभी परिवारवालों के बीच समय व्यतीत किया और घर में सभी के लिए भोजन और नाश्ता तैयार किया। इस दौरान घर के सभी सदस्यों ने एक साथ भोजन कर परिवारिक चर्चा में समय व्यतीत किया।

कांग्रेस की ओर से अध्यक्ष प्रत्याशी रविंदर पूजा मक्कड़ ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया प्रांरभ होते ही कार्यकर्ताओं के साथ लगातार राजनीतिक चर्चा एवं चुनाव प्रचार की रणनीति को लेकर ही ज्यादातर चर्चा हो पाती थी। मतदान संपन्न होने के बाद अपने परिजनों के साथ मतदान के रूझान पर चर्चा हुई एवं बच्चों के भविष्य एवं पढ़ाई-लिखाई पर महत्वपूर्ण चर्चा की गई। साथ ही अपने परिवारजनों के लिए भोजन तैयार कर कुछ समय व्यतीत किया।

## मतदाताओं के लुभाने बांटी गई शराब सहित अन्य सामग्री

नगरीय निकाय चुनाव के एक दिन पूर्व नगर पालिका मुंगेली क्षेत्र में जमकर शराब, मटन, चिकन, साड़ी, मिठाई, माचिस, दूध, रूपए सहित अन्य समानों का वितरण हुआ। प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं को वितरण की जाने वाली इन सामग्रियों की जानकारी न निर्वाचन व्यय संपरीक्षक टीम को हुई और न ही पुलिस या आबकारी विभाग को हुई। लगभग सभी वार्डो में प्रत्याशियों व कार्यकर्ताओं ने मतदाताओं को रिझाने के लिए मनमाफिक सामान वितरण करते रहे। सप्ताह भर पहले से ही अभ्यर्थियों द्वारा वोटरों को रिझाने के लिए घरों में जाकर अपने पक्ष में वोट मांगा जा रहा था। नगर पालिका सहित अन्य नगरीय निकायों में रोजाना शाम ढलते ही प्रत्याशी वोटरों को रिझाने के लिए अवैध शराब वितरण एवं पार्टी का दौर चलता रहा। मतदान के एक दिन पूर्व लगभग सभी वार्डो में घर-घर घूमकर मटन, चिकन, शराब, मिठाई, साड़ी, माचिस, दूध, रूपए सहित अन्य समानों का वितरण किया।




## मतदान दलों की सकुशल वापसी, ईवीएम स्ट्रांग रूम में सील

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव और पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में जिले में नगरीय निकायों चुनाव के लिए शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ।

कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने जिले के नगरीय निकायों में शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न होने पर सभी मतदाताओं एवं चुनाव कार्य में संलग्नकर्मियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेनका प्रधान ने बताया कि नगरीय निकाय निर्वाचन अंतर्गत शाम 5 बजे मतदान समाप्त होने के उपरांत सभी मतदान दलों की सकुशल वापसी शुरू हुई। मतदान दल वापस पहुंचकर अपने-अपने नगरीय क्षेत्र में स्थापित स्ट्रांग रूम में सामग्रियां जमा की, इसके बाद मतदान सामग्री को सुरक्षित रखकर स्ट्रंग रूम को विधिवत सील किया गया।



साथ ही विडियोग्राफी भी कराई गई। मतदान सामाग्री जमा करने के दौरान बीआरसाव स्कूल में स्थापित स्ट्रांग रूम परिसर में कलेक्टर-एसपी मौजूद रहे। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को सभी स्ट्रांग रूम की कड़ी सुरक्षा और सुरक्षाकर्मी तैनात करते हुए सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि नगरीय निकायों के लिए मतणगना 15 फरवरी को की जाएगी, जिसमें नगर पलिका अध्यक्ष के लिए चुनाव लड़ रहे 18 उम्मीदवारों एवं पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ रहे 245 उम्मीदवारों के बीच हार-जीत का फैसला होगा।

## छात्र अपनी सफलता की कहानी लिखना सीखें

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

बहुउद्देशीय उमा विद्यालय खम्हरिया में 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में विद्यालय के शिक्षकों, छात्रों और उनके अभिभावकों ने भाग लिया। समारोह में विद्यालय के शिक्षकों ने छात्रों को आशीर्वाद दिया और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

■ बहुउद्देशीय उमा विद्यालय में 12वीं कक्षा के छात्रों को दी गई विदाई




कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक व छात्राएं।

इस अवसर पर विवेकशील एवं प्रभावशाली व्यक्तित्व के धनी परीक्षा प्रभारी व वरिष्ठ व्याख्याता आर दानिश ने कहा कि आज आप एक नए अध्याय की शुरुआत करने जा रहे हैं। मैं आपको शुभकामनाएं देता हूं कि आप अपने जीवन के आगे के चरण में सफलता प्राप्त करें और अपने सपनों को पूरा करें। प्रबंधक अहमद मोमिन ने कहा हमारे छात्रों ने हमेशा हमें गौरवान्वित किया है। मैं उन्हें उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं एवं उम्मीद करता हूं कि वे अपने जीवन में सफलता प्राप्त करेंगे। इस समारोह में छात्रों ने अपने शिक्षकों को धन्यवाद दिया और अपने साथियों के साथ भावनात्मक क्षण बिताए। समारोह का समापन राजकीय गीत के साथ हुआ। यह समारोह विद्यालय के छात्रों के लिए एक यादगार पल था। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक एनके मरावी, सोभा केवट, केपी वस्त्राकार, केपी पटेल, ईश्वरी टेंगवर, केके ठाकुर, एस ठाकुर, श्रिया यादव, अलका, राजेश कुमार, सरिता, नागेश्वरी, हेमा ठाकुर, रत्ना टंडन, ऋतु, गनेशिया, तेजस्वी, आदि उपस्थित रहे ।

### फ्लाई ऐश से भरा कैप्सूल वाहन जा घुसा घर में, जनहानि नहीं

**कोरबा।** एक फ्लाई ऐश कैप्सूल वाहन सडक़ के किनार एक घर में जा घुसा। घटना की आवाज सुनकर लोगों की नींद खुल गई। कुछ देर में पुलिस की टीम वहां पहुंची और चालक को हिरासत में ले लिया। दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत हसदेव नदी पर निर्मित नए पुल के पास मुख्य मार्ग पर मंगलवार की रात एक बजे फ्लाई ऐश ट्रांसपोर्ट में लगा एक कैप्सूल वाहन इस क्षेत्र से गुजर रहा था। इस दरम्यान चालक का स्टेयरिंग पर से नियंत्रण कमजोर हुआ और वाहन सडक़ से उतरकर एक कच्चे मकान में जा घुसा। पड़ोस की महिला ने बताया कि आसपास के लोगों ने आवाज सुनी तो वे नींद से जागे और वहां पहुंचे। इन्हीं में से किसी ने पुलिस को जानकारी दी। सूचना पर पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और वाहन चालक को हिरासत में ले लिया। ज्ञात हो कि दुर्घटनाग्रस्त वाहन ने जिस मकान को अपनी चपेट में लिया है, घटना के दौरान उसमें कोई नहीं था अन्यथा किसी बड़ी अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता था। ज्ञात हो कि जिस व्यक्ति का यह मकान है, उसके परिजन इसी इलाके में दूसरे जगह पर निवास करते हैं। इससे पहले भी प्रगति नगर मार्ग पर रात्रि में आवाजाही के दौरान कई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं।

## श्रद्धालुओं ने नर्मदा कुण्ड में लगाई डुबकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेतगंगा/मुंगेली

प्राचीन श्रीराम जानकी मंदिर सेतगंगा के समीप स्थित मां नर्मदा कुंड में माघ पूर्णिमा पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाकर पूजा-अर्चना कर मन्नतें मांगी।

माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर धर्म नगरी सेतगंगा में 5 दिवसीय मेले का आयोजन ग्राम पंचायत सेतगंगा के तत्वाधान में किया जा रहा है। मेले में लोग नर्मदा कुण्ड के जल का आचमन कर भगवान श्रीराम-जानकी का दर्शन करने के बाद सिनेमा और अन्य मनोरंजन का लुफ्त उठाकर एवं समान खरीदी कर मेले का आनंद ले रहे हैं। बड़ी संख्या में लोगों की चहल कदमी से मेला परिसर गुलजार नजर आ रहा है। इस मेले में मनोरंजन के साथ-साथ बड़े-बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होते हैं। पांच दिवसीय मेले में झूले आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं। सेतगंगा में ऐतिहासिक 11वीं शताब्दी का प्राचीन श्रीराम जानकी मंदिर है। इन मंदिरों की शिल्पकला और चित्रकला मनोरम और देखने योग्य है। गर्भगृह में श्रीराम जी के अलावा भगवान ब्रम्हा जी, विष्णु जी, शंकर जी सहित अनन्य देवी देवताओं की महीन कलाकृति की हुई मूर्तियां स्थापित हैं।

■ माघ पूर्णिमा पर 5 दिवसीय मेले का आयोजन, की पूजा-अर्चना



मेला स्थल स्थित कुण्ड में डुबकी लगाते श्रद्धालुजन।

मंदिर के समीप ही मां नर्मदा कुण्ड, मं सिध्देश्वरी महामाया मंदिर एवं गुरूघासीदास मंदिर भी है। यहां अनेक पर्वों पर श्रध्दालुओं का आगमन होता है। माघ पूर्णिमा के शुभ अवसर मां नर्मदा कुण्ड में श्रद्धा और आस्था रूपी डूबकी लगाने सुबह 4 बजे से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ लगनी शुरू हो जाती है जो दिन भर चलते रहती है।

## जंगल को आग से बचाने केंदई में चलाया जा रहा अभियान

**कोरबा।** फायर सीजन शुरू होने से पहले कटघोरा वनमंडल के केंदई वन परिक्षेत्र के सभी गांव एवं मजरा-टोलों में रेंजर अभिषेक दुबे के नेतृत्व में जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी इन स्थानों पर पहुंचकर ग्रामीणों को जंगल में आग न लगाने की सलाह दे रहे हैं तथा अग्नि के कारण वन्यजीवों एवं पेड़-पौधों को होने वाले नुकसान से उन्हें अवगत भी करा रहे हैं। साथ ही वनों में आग लगने की स्थिति में तत्काल सूचना विभाग को देने की अपील कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि गर्मी में महुआ तथा तेंदूपत्ता सीजन शुरू होने पर ग्रामीण पेड़ों के नीचे आग लगा देते हैं तो वह आग जंगल में फैलकर दावानल का रूप धारण कर लेता है जिससे पेड़-पौधों एवं वनोपज को भारी नुकसान होता है।

## सड़क हादसे में युवक की मौत, खेत में लगे कंटीले तार से कटा गला

**सरगांव।** मुंगेली जिले के पथरिया विकासखण्ड के ग्राम मोहभट्ठा निवासी एक युवक की सड़क हादसे हादसे में मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहभट्ठा निवासी सागर यादव उर्फ सचिन पिता संतोष यादव उम्र 30 वर्ष निजी काम से ग्राम मदवानी की ओर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गई। हादसे में सड़क के किनारे लगे खेत में लगे कंटीले तार के संपर्क में आने से उसका गला कट गया एवं उसकी मौत हो गई। सूचना पर सरगांव थाना स्टॉफ घटनास्थल पहुंचकर जाम की स्थिति को नियंत्रित कर शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरगांव पहुंचाया। मृतक के शव का पंचनामा कर परिजनों को सौंप दिया गया।



### चार दिन पूर्व हुआ था विवाह

मृतक सागर यादव का चार दिन पूर्व ही विवाह हुआ था। अचानक उनकी मृत्यु होने से उनकी पत्नि सहित पूरे परिवार पे दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

### नशे के गिरफ्त में है क्षेत्र

सिर्फ माह भर में हादसों में मरने वालों की संख्या दहाई के आंकड़े को पार कर गई है। अधिकतर मरने वाले लोग नशे में पाए गए। गांव-गांव शराब के अवैध के कारोबार करने वाले लोगों में भारी बढ़ोतरी देखी जा सकती है। नशे का अवैध व्यवसाय के कारण क्षेत्र नशे के गिरफ्त में आ चुका है।

### कार चालक ने मारी पिकअप को टक्कर, मामला दर्ज

**तखतपुर।** लापरवाही पूर्वक कार चलाते हुए चालक ने पिकअप को ठोकर मार दी। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार टेढ़ाधौरा नकटापारा निवासी प्रिया दास हिंडोरे ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि 10 फरवरी को वह अपनी पिकअप वाहन सीजी 28 एन 8619 को लेकर बिलासपुर जा रहा था इसी दौरान ग्राम खपरी के पास सामने से आ रही आई 20 कार सीजी 05 एजे 4953 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दी मार दी, जिसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई गई।

### कार ने विद्युत पोल को ठोंका

**कोरबा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत मुख्य डाकघर के पास एक अनियंत्रित कार ने विद्युत पोल को ठोकर मार दिया। सूचना पर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कार को सिविल लाइन थाना लेकर आई। प्रत्यक्षदर्शी के मुताबिक कार की रफ्तार अत्यधिक तेज थी जिसने खंभे को ठोकर मारा है।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/ /अति.तह./वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 30/01/2025

ग्राम तिफरा के सर्व साधारण/आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम तिफरा प.ह.नं. 40 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 992/2 रकबा 0.109 एकड़ भूमि की अभिलेख सुधार के लिए श्रीमती डॉ. स्मृता शर्मा पति डॉ. बनवाली प्रसाद निवासी अज्ञेय नगर द्वारा आवेदन किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 07/03/25 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 30/01/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मुरलीधर गुप्ता पिता श्री दशरथ लाल गुप्ता निवासी मालवीय नगर तहसील दक्षिण दिल्ली जिला दक्षिण दिल्ली के नाम से ग्राम सरकण्डा प.ह.नं. 32 रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर में खसरा क्रमांक 586/10 रकबा 2500 वर्गफुट स्थित है। उक्त भूमि को मुख्तियार प्रदीप कुमार गुप्ता पिता श्री मुरलीधर गुप्ता निवासी मालवीय नगर तहसील दक्षिण दिल्ली जिला दक्षिण दिल्ली द्वारा मेरे पक्षकार श्री दर्शन चौहान पिता श्री एस.एल. चौहान निवासी सरकण्डा तहसील व जिला बिलासपुर वाले के पास विक्रय करने का पक्का सौदा करते हुए। अग्रिम राशि बयाना बतौर प्राप्त करते हुए अनुबंध पत्र निष्पादित किये हैं।

यदि उक्त संव्यवहार से किसी भी व्यक्ति, संस्था व अन्य जो उक्त भूमि पर अपना हित रखता हो, को यदि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति होगी तब मय दस्तावेज के साथ सूचना प्रकाशन के 07 दिन के अंदर मेरे नीचे लिखे पते पर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि समाप्त होने के पश्चात की गई आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी तथा मेरे पक्षकार उक्त भूमि के पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होंगे। अस्तु सूचना जानें।

दिनांक 13.02.2025

**राममनोहर दुबे**
**अधिवक्ता / नोटरी**
**स्टेट बैंक के सामने, नया सरकंडा,**
**बिलासपुर (छ.ग.) मो. 98271-73623**
**क्रेता 9425228235**

**आम सूचना**

मैं अपने आसामी अफजल खान पिता श्री अमीर खान निवासी मेग्नेटो माल के पीछे भारत चौक तालापारा बिलासपुर की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर सर्वसाधारण के लिये आमसूचना प्रकाशित कराता हूं कि मेरे आसामी द्वारा उत्तम कुमार देवांगन पिता स्व. रामशरण देवांगन निवासी वार्ड नं. 27 जूना बिलासपुर वगैरह के स्वामित्व एवं हक की भूमि स्थित मौजा तोरवा, प.ह.नं. 37, रा.नि.मं. जूना बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 770/1, शामिल खसरा नं. 771/1 रकबा 0.2550 हे. को उपरोक्त भूमिस्वामी उत्तम कुमार वगैरह के मुख्यिार आम मुकेश देवांगन पिता बसंत देवांगन निवासी देवांगन मोहल्ला जूना बिलासपुर से क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम राशि प्रदान कर इकरारनामा निष्पादित कराया गया है और निकट भविष्य में उपरोक्त इकरारशुदा भूमि का पंजीयन कराया जायगा। यदि उक्त संव्यवहार से किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, वित्तीय संस्थान या आमजन को किसी भी प्रकार की आपत्ति है तो मय दस्तावेज 07 दिवस के भीतर लिखित मे आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्तानुसार अवधि अवसान पश्चात् की गई दावा आपत्ति नाजायज एवं शून्य होगी।

सो सूचना जाने।

दिनांक-12/02/25
स्थान - बिलासपुर छ.ग.

भवदीय
प्रकाशचन्द्र जायसवाल, अधिवक्ता
कपिल नगर सरकंडा बिलासपुर छ.ग.
मो.नं. 9827176433, 6268123693

**आम सूचना**

मै अपने पक्षकार राजकुमार श्रीवास उम्र 63 वर्ष पिता स्व. लतेल राम श्रीवास निवासी-वार्ड नं.-14, शिव मंदिर मंगला, गंगा नगर सेक्टर-02, तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.) की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर यह आम सूचना प्रकाशित करा रहा हूँ कि, मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता सुशील कुमार सिंह उम्र 58 वर्ष पिता-झाम सिंह एवं श्रीमती चन्द्रप्रभा उम्र 51 वर्ष पति- सुशील कुमार सिंह दोनों निवासी-अमरकंटक नर्मदा मंदिर के सामने तहसील-पुष्पराजगढ़ जिला अनुपपुर (म.प्र.) के हक-स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि मौजा ग्राम-नेवसा प.ह.नं. -13, रा.नि.मं.-गौरेला, ग्राम पंचायत नेवसा, तहसील-पेण्ड्रारोड जिला-जी.पी.एम. (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर-1151, 1137/3, 1152/2, 1155/2, शामिल खसरा नंबर - 1168 रकबा क्रमशः 0.6320, 0.3400, 0.2550, 0.3600, कुल रकबा-1.5870 हे. भूमि जो समस्त राजस्व अभिलेखो में विक्रेतागण के नाम पर दर्ज है जिसे मेरे पक्षकार द्वारा खरीदने का पक्का सौदा कर अग्रिम बयाना राशि आरटीजीएस के माध्यम से विक्रेतागण को प्रदान की गयी है उक्त भूमि की निकट भविष्य में मेरे पक्षकार के द्वारा पंजीयन कराया जायेगा उक्त भूमि के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक, शासकीय, अर्ध शासकीय एवं उस भूमि से हितबद्ध व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज के आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है उक्त अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात किसी प्रकार की दावा आपत्ति अमान्य होगी। अस्तु सूचना, जाने।

दिनांक- 12.02.2025 स्थान-बिलासपुर

**आवेदक-मनोज कुमार श्रीवास (अधिवक्ता)**
**छ.ग. उच्च न्यायालय बिलासपुर**
**निवासी-महर्षि स्कूल के पास, माँ भगवती निवास मंगला बिलासपुर तह. व जिला-बिलासपुर (छ.ग.) मो. नं.-8103215010**

**न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के तृतीय अतिरिक्त न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)**
(व्यवहारवाद पुर्नस्थापन दरख्वास्त का नोटिस)

प्रोसेस नंबर-06
व्य.वा.प्र.क्र.- MJC Civil/156/24
पेशी तारीख-19/2/25

श्रीमती राधिका तिवारी उर्फ ममता तिवारी... वादिनी। **विरुद्ध**
आम जनता वगैरह... प्रतिवादीगण।

इस न्यायालय में वादिनी राधिका तिवारी उर्फ ममता तिवारी, उम्र 40 वर्ष, पति श्री कृष्ण कुमार तिवारी, निवासी स्मृतिवन के पास राजकिशोर नगर, तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा विवाह के पूर्व दस्तावेजो में ममता तिवारी नाम दर्ज होने व विवाह के बाद पति द्वारा वादिनी के आधार कार्ड व पति के सेवा पुस्तिका में वादिनी का राशि नाम राधिका तिवारी दर्ज कर दिए जाने के संबंध में वादिनी द्वारा एक व्यवहार वाद प्रतिवादीगण के विरुद्ध उद्घोषणा हेतु दावा कीमती 600/- रु. न्यायालय श्रीमान चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 2 बिलासपुर के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था जो कि व्य.वा.क्रं. 153/2023, पक्षकार-राधिका तिवारी विरुद्ध आम जनता वगैं. पंजीबद्ध किया गया था जो कि दिनांक 10.08.23 को वादिनी की अनुपस्थिति में अदम पैरवी में न्यायालय द्वारा खारिज कर दिया गया हैं जिसके संबंध में वादिनी ने इस न्यायालय में उक्त व्यवहार वाद के पुर्नस्थापन हेतु आदेश 09 नियम 09 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है उक्त वाद की सुनवाई 19.2.25 को 11:00 बजे मेरे न्यायालय में होगी।

अत: जिस किसी को उक्त दर्शित वादिनी राधिका तिवारी उर्फ ममता तिवारी द्वारा प्रस्तुत व्यवहारवाद के पुर्नस्थापन हेतु आदेश 09 नियम 09 के तहत आवेदन में कोई दावा आपत्ति हो तो आवेदन की सुनवाई तारीख-19.2.25 को या यदि उस दिन किसी कारणवश सार्वजनिक अवकाश हो जाये तो आगामी कार्य दिवस को इस न्यायालय के समक्ष दिन के 11:00 बजे उपस्थित होकर सुनवाई में भाग लेवे तथा अपना पक्ष प्रस्तुत करे अन्यथा वादिनी द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र सही मान्य कर दिया जावेगा।

उक्त नोटिस आज दिनांक 06/02/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
सील

**(कु. श्वेता अवस्थी )**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के तृतीय अतिरिक्त न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)**

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
● एलर्जी जाँच एवं इम्यूनोथेरेपी
● गले की लेजर सर्जरी
● खर्राटो का ईलाज

Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
● दांतों में ज्वेलरी लगाना
● बच्चों के दूध के दांतों का इलाज एवं देखभाल



# अनुपम ने बिजनेसमैन को पढ़ाया अभिनय का पाठ...

**मुंबई।** अपने अभिनय से लाखों दिलों पर राज करने वाले अभिनेता अनुपम खेर ने एक बार फिर साबित कर दिया कि उनके पास न केवल अभिनय की कला है, बल्कि दूसरों में भी इस कला को उभारने का अद्भुत हुनर है। हाल ही में अभिनेता ने व्यवसायी रितेश अग्रवाल को अभिनय का एक छोटा सा पाठ पढ़ाया। अनुपम खेर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह रितेश अग्रवाल को अभिनय के लिए कुछ लाइनें देते हुए नजर आ रहे हैं। इस दौरान अनुपम ने रितेश को अभिनय के बारे में कई महत्वपूर्ण बातें भी बताई। कुल मिलाकर ग्यारह प्रयासों के बाद रितेश ने इस सीन को इतने शानदार तरीके से निभाया कि अनुपम भी उनके अभिनय से प्रभावित हो गए।

लाइफ Style

# श्रीलीला

## अनुराग की फिल्म में आएंगी नजर

एजेंसी ⏭ मुंबई

अभिनेत्री श्रीलीला अब अनुराग बसु की रोमांटिक फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ नजर आएंगी, जिसमें पहले तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिका में थीं। श्रीलीला कई फिल्मों के जरिए अपनी खास पहचान बना चुकी हैं।

अब खबर है कि वह बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन के साथ रोमांटिक फिल्म में नजर आने वाली हैं, जिसका पहले नाम 'आशिकी 3' बताया जा रहा था। हालांकि, अब फिल्म का नाम 'आशिकी 3' नहीं है, क्योंकि इस शीर्षक पर विवाद जारी है। ऐसे में फिल्म के शीर्षक को लेकर आधिकारिक ऐलान होना बाकी है। वहीं, अब फिल्म की मुख्य नायिका को लेकर दिलचस्प जानकारी सामने आई है। इससे पहले खबर थी कि फिल्म में अभिनेत्री तृप्ति डिमरी की लिया गया था। हालांकि, बाद में कुछ कारणों से फिल्म से बाहर हो गईं। तृप्ति के फिल्म से बाहर होने को लेकर कई धारणाएं बनाई गईं कि किरदार के मासूम चेहरे की मांग के कारण तृप्ति को बाहर किया गया है, क्योंकि वह रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' में अपने प्रदर्शन के कारण फैंस के बीच बोल्ड इमेज बना चुकी हैं। हालांकि, अनुराग बसु ने इन बातों का खंडन करते हुए कहा था कि ये बातें सच नहीं हैं और तृप्ति भी यह जानती हैं। अब फिल्म के लिए नई अभिनेत्री को चुन लिया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, निर्देशक अनुराग बसु की मुख्य महिला अभिनेत्री की तलाश आखिरकार श्रीलीला पर आकर रुकी।



हॉलीवुड मसाला



# वर्षों पुरानी है स्विफ्ट से रंजिश

**लॉस एंजिल्स।** कान्ये और स्विफ्ट के बीच की दुश्मनी 2009 से शुरू हुई थी। उस समय रैपर ने अचानक स्विफ्ट के माइक्रोफोन को छीन लिया था जब वह एमटीवी वीडियो म्यूजिक अवार्ड्स में अपने हिट सॉन्ग 'यू बिलॉन्ग विद मी' के लिए 'बेस्ट फीमेल वीडियो' अवॉर्ड ले रही थीं। उस समय कान्ये ने कहा था कि वह स्विफ्ट के लिए खुश हैं, लेकिन वह पूरी तरह से बियॉन्से के पक्ष में हैं, क्योंकि उनके पास सबसे बेहतरीन वीडियो थे। हमेशा विवादों में रहने वाले कान्ये वेस्ट का एक्स अकाउंट निष्क्रिय हो गया है।



# क्या बियांका पर होगा कानूनी एक्शन?

**लॉस एंजिल्स।** हाल ही में हुआ 67वां ग्रैमी अवार्ड्स चर्चा का केंद्र बना रहा, जिसकी मुख्य वजह थी कान्ये वेस्ट की पत्नी बियांका सेंसरी। बियांका ने रेड कार्पेट पर बोल्ड ड्रेस में पूरी मीडिया में सनसनी मचा दी थी। अब कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक यह सामने आ रहा है कि इनपर कोई कानूनी एक्शन नहीं होगा। सूत्रों ने बताया कि ग्रैमी अवार्ड एक निजी समारोह है, जिसके सदस्यों ने पुलिस में कोई शिकायत नहीं की है, इस कारण बियांका पर कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हो सकती। साथ ही एक वकील ने इंटरव्यू में बताया कि बियांका सेंसरी ने जो किया वह गलत है, लेकिन अगर आप किसी को ठेस पहुंचाने के लिए अश्लील व्यवहार करते हैं, तो उसपर कार्रवाई होती है। इस कारण बियांका के ऊपर यहां कोई कार्रवाई नहीं हो सकती।



# रणबीर को नॉनसेंस बिल्कुल पसंद नहीं


**मुंबई।** रश्मिका मंदाना इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'छावा' के प्रमोशन में बिजी हैं। फिल्म में उनके साथ विक्की कौशल भी नजर आने वाले हैं। फिल्म प्रमोशन के दौरान ही रश्मिका के पैर में फ्रैक्चर हो गया, इसके बाद भी वे फिल्म प्रमोशन में दिखाई दे रही हैं। रश्मिका ने रणबीर कपूर, अल्लू अर्जुन और विक्की कौशल को लेकर अपनी राय दी है। रश्मिका ने कहा, उन्होंने कई सारे शानदार सितारों के साथ काम किया है। तीनों ही अभिनेता बेहद शानदार अभिनय करते हैं, साथ ही बहुत अच्छे इंसान भी हैं। रश्मिका ने अल्लू अर्जुन को लेकर कहा कि उनके साथ वाइब भी मैच होती है। वे बहुत एनर्जी के साथ काम करते हैं। रश्मिका ने कहा, रणबीर के साथ काम अच्छा होता है। हम दोनों को ही नॉनसेंस चीजें नहीं पसंद हैं।



# 'आश्रम-3' के दूसरे पार्ट का टीजर रिलीज

**मुंबई।** साल 2025 की मोस्ट अवेटेड वेब सीरीज 'आश्रम 3: पार्ट 2' का टीजर रिलीज हो गया है। बॉबी देओल ने 'आश्रम 3: पार्ट 2' का टीजर शेयर करते हुए अपने सोशल मीडिया पर लिखा, 'भक्तों का इंतजार होगा खत्म, जल्द ही। 'एक बदनाम आश्रम' के तीसरे सीजन का दूसरा पार्ट अमेजन एमएक्स प्लेयर पर रिलीज होगा। सामने आए टीजर में पम्मी, बाबा निराला से बदला लेती नजर आ रही है। वह इस खेल में बाबा निराला को बहलाने और भोपा को बाबा निराला से अलग करने की कोशिश करती है। टीजर की शुरुआत में बाबा निराला के भक्तों की भीड़ दिखाई जाती है। फिर पम्मी की झलक देखने को मिलती है जिसमें पम्मी दुल्हन के लहंगे में मुस्कुराते नजर आती है। इसके बाद पम्मी, बाबा निराला और भोपा की जोड़ी को तोड़ने की कोशिश करती है।

टीवी मसाला



# हिना के लिए बारात लेकर पहुंचे बॉयफ्रेंड रॉकी..?

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर हिना खान और रॉकी जैसवाल की शादी जैसा दिखने वाला एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसने फैंस को कन्फ्यूज कर दिया। इस वीडियो में तेजस्वी प्रकाश, निक्की तंबोली को बाराती बन डांस करते देखा जा सकता है। हालांकि, इस वीडियो की सच्चाई कुछ और है। टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस हिना खान पिछले कुछ महीनों से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रही हैं, लेकिन उनकी हिम्मत और जज्बे ने सभी को प्रेरित किया है। इस मुश्किल वक्त में उनके बॉयफ्रेंड रॉकी जैसवाल उनके साथ मजबूती से खड़े हैं और हर कदम पर उनका साथ दे रहे हैं। अब हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसे देखकर आपको भी लगेगा कि हिना और रॉकी शादी कर रहे हैं। इस वीडियो में हिना खान और रॉकी जैसवाल दूल्हा-दुल्हन की तरह सजे-धजे नजर आ रहे हैं। माहौल भी किसी ग्रैंड शादी जैसा लग रहा है। वीडियो में तेजस्वी प्रकाश, निक्की तंबोली बारातियों की तरह नाचते हुए दिख रहे हैं और सीनियर एक्ट्रेस उषा नाडकर्णी दोनों की आरती उतारकर उनका स्वागत करती हुई नजर आ रही हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद फैंस कमेंट में दोनों को शादी की बधाई दे रहे हैं। लेकिन वीडियो की असलियत इनकी शादी नहीं, बल्कि सेलिब्रिटी मास्टरशेफ का एक खास एपिसोड है जिसमें हिना और उनके बॉयफ्रेंड रॉकी का स्वागत किया गया है।

## दादी-सा के सामने नहीं काम करेगा अभिरा का तिकड़म, अरमान करेगा अपने प्यार का इजहार


**नई दिल्ली।** अभिरा को माधव के कमरे से अरमान की असली मां की फोटो मिलेगी, लेकिन फोटो में शिवानी का चेहरा साफ नजर नहीं आएगा। ऐसे में अभिरा इस फोटो की कॉपी बनवाने जाएगी। अभीर और चारू की शादी वाले दिन कोरियर वाला अभिरा के लिए एक पार्सल देकर जाएगा। अभिरा जब पार्सल खोलेगी तब उसे समझ आएगा कि गलती से कोरियर वाले ने अरमान का पार्सल उसे और उसका पार्सल अरमान को दे दिया है। अभिरा पौद्दार हाउस जाएगी। जब वह इधर-उधर अपना पार्सल ढूंढ रही होगी तब उसकी नजर दादी-सा पर पड़ेगी। पहले तो अभिरा को समझ नहीं आएगा कि दादी-सा क्या कर रही हैं, लेकिन कुछ देर बाद अभिरा समझ जाएगी कि दादी-सा, अरमान की असली मां की फोटो जला रही हैं। अभिरा दौड़कर दादी-सा के पास जाएगी।



# अपने प्यार के लिए हर हद को किया पार मोहब्बत का दूसरा नाम बनीं ये नायिकाएं

***नई दिल्ली।*** *वैलेंटाइन वीक है तो प्यार-मोहब्बत की बातें होंगी। हम भी आपको बड़े पर्दे की ऐसी नायिकाओं के बारे में बता रहे हैं, जो इश्क का दूसरा नाम बन गईं। फिल्मों में इन नायिकाओं ने अपने प्यार के लिए हर हद को पार किया है। बॉलीवुड में कई बेहतरीन प्रेम कहानी वाली फिल्में बनी हैं। कई लव स्टोरी वाली फिल्मों की खास बात यह रही है कि इसमें नायकों के साथ नायिकाओं के किरदार भी यादगार बन गए। जानिए, ऐसी ही कुछ फिल्मी नायिकाओं के बारे में जिन्होंने बड़े पर्दे पर टूटकर प्यार किया। साथ ही दर्शकों के मन पर भी अपने किरदार की एक अमिट छाप छोड़ दी।*

***वीर जारा की जारा:*** *फिल्म 'वीर जारा' में प्रीति जिंटा ने जारा का किरदार निभाया था। यह किरदार एक पाकिस्तानी लड़की का था, जो एक हिंदुस्तानी ऑफिसर वीर (शाहरुख खान) से मोहब्बत करने लगती है। दोनों को किस्मत जुदा कर देती है। जारा को लगता है कि वीर मर चुका है। ऐसे में वह पाकिस्तान छोड़कर भारत आती है और वीर के गांव में बस जाती है, उसके अधूरे सपनों को पूरा करती है। आखिर में वीर और जारा मिल जाते हैं, एक हो जाते हैं।*



***देवदास की पारो-चंद्रमुखी :*** *ऐश्वर्या रॉय और माधुरी दीक्षित ने फिल्म 'देवदास' में पारो और चंद्रमुखी का किरदार निभाया था। दोनों ही नायिकाएं देव (शाहरुख खान) से प्यार करती है। देव के आखिर लम्हों में पारो उससे मिलने के लिए सामाजिक बंधनों को तोड़ने की कोशिश करती है। वहीं चंद्रमुखी, देव का मुश्किल घड़ी में पूरा साथ देती है।*

***दिल वाले दुल्हनिया ले जाएंगे की सिमरन :*** *काजोल ने फिल्म 'दिल वाले दुल्हनिया ले जाएंगे' में सिमरन का रोल किया था। सिमरन, राज से मोहब्बत करती है। फिल्म के आखिर में वह राज के साथ जाने के लिए पिता द्वारा तय की गई शादी को तोड़ देती है। पिता को भी अपनी मोहब्बत का यकीन दिलाती और राज के पास चली जाती है।*

***'कहो ना प्यार है' की सोनिया सक्सेना :*** *अमीषा पटेल ने अपने कॅरियर की पहली फिल्म 'कहो ना प्यार है' में सोनिया का किरदार निभाया था। सोनिया, रोहित (ऋतिक रोशन) से प्यार करती है। लेकिन, अचानक रोहित की मौत हो जाती है। रोहित के चले जाने का गम सोनिया बर्दाश्त नहीं कर पाती है। बाद में फिल्म में राज की एंट्री होती है, जो बिल्कुल रोहित जैसा दिखता है। लेकिन, राज को सोनिया आसानी से नहीं अपनाती है।*

***परदेस की गंगा-ताल की मानसी :*** *महिमा चौधरी ने फिल्म 'परदेस' में गंगा का रोल किया था, यह किरदार भी हीरो को अहसास कराता है, वह उसे प्यार करता है। फिल्म में लीड रोल शाहरुख खान ने निभाया था। इसी तरह फिल्म 'ताल' में मानसी (ऐश्वर्या राय) भी अपने प्यार को कभी नहीं भूलती है।*

# 'केसरी वीर' का मोशन पोस्टर आया सामने

**मुंबई।** फिल्म 'केसरी वीर' का मोशन पोस्टर हाल ही में रिलीज हुआ है। फिल्म क्रिटिक तरण आदर्श ने इस फिल्म से जुड़ी एक पोस्ट अपने ट्वीटर अकाउंट पर शेयर की है। फिल्म के मेकर्स ने 'केसरी वीर' से जुड़ी कई सारी जानकारियां साझा की हैं, जिनका जिक्र तरण आदर्श की पोस्ट में भी है। 'केसरी वीर' फिल्म में सूरज पंचोली, सुनील शेट्टी और विवेक ओबेरॉय जैसे बॉलीवुड एक्टर्स नजर आने वाले हैं। ये तीनों ही एक्टर्स फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगे। ये भूमिकाएं कैसी होंगी, इसकी डिटेल अभी शेयर नहीं की गई हैं। फिल्म को प्रिंस थीमान निर्देशित कर रहे हैं। फिल्म के प्रोड्यूसर कानू चौहान हैं। फिल्म 'केसर वीर' का अभी मोशन पोस्टर रिलीज हुआ है। लेकिन, 13 फरवरी 2025 को इसका टीजर रिलीज किया जाएगा।




## असल जिंदगी में दोस्ती निभाने वाले बहुत ही प्यारे इंसान रहे

# अपने समय में हीरो से ज्यादा फीस लिया करते थे अभिनेता प्राण



*नई दिल्ली। अभिनेता प्राण का नाम सुनते ही दर्शकों के मन में बड़े पर्दे के सबसे चर्चित विलेन के रोल उभरने लगते हैं। प्राण का एक लंबा एक्टिंग करियर रहा, उन्होंने लगभग 300 से अधिक फिल्में की हैं। बुधवार को उनकी जयंती (जन्म 12 फरवरी1920) थी। इस मौके पर जानिए, उनकी जिंदगी और कॅरियर से जुड़े कुछ अनसुने किस्से। विलेन ऑफ द मिलेनियम कहलाने वाले अभिनेता प्राण (असल नाम कृष्ण सिकंदर) का जन्म लाहौर (ब्रिटिश इंडिया) में हुआ था। बड़े.पर्दे पर जरूर प्राण एक विलेन के रूप में मशहूर हुए। लेकिन, असल जिंदगी में वह दोस्ती निभाने वाले बहुत ही प्यारे इंसान रहे।*

### लेखक मंटो ने कैसे की प्राण के कॅरियर में मदद

फिल्म जिद्दी (1949) में प्राण के अभिनय को खूब सराहा गया, उन्हें बॉलीवुड में स्थापित करने वाली यही फिल्म थी। यह फिल्म उन्हें लेखक शहादत हसन मंटो की सहायता से मिली। इसके बाद प्राण ने 'आजाद', 'मधुमती', 'देवदास', 'राम और श्याम', 'आदमी', 'मुनीमजी', 'अमरदीप', 'जॉनी मेरा नाम', 'वारदात', 'देस-परदेस' जैसे कई हिट फिल्में कीं।

### जंजीर में दोस्ती के चलते किया काम

अमिताभ बच्चन के कॅरियर में 'जंजीर' एक अहम फिल्म रही है। यह फिल्म अमिताभ बच्चन को प्राण के कहने पर मिली थी। प्राण ने ही मेकर्स को अमिताभ बच्चन का नाम सुझाया था। वहीं, अमिताभ बच्चन से दोस्ती के कारण ही इस फिल्म में शेरखान का किरदार निभाया। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही और प्राण का निभाया शेरखान का किरदार भी काफी पॉपुलर हुआ।

### कैरेक्टर रोल चुनने की वजह रही खास

बड़े पर्दे पर विलेन के तौर पर प्राण इतने मशहूर हुए कि लोग उन्हें असल का बुरा आदमी समझने लगे। एक बार प्राण की बेटी ने कहा है कि वह भी हीरो जैसे रोल क्यों नहीं करते? इसके बाद प्राण ने नेगेटिव रोल करना लगभग छोड़ दिया। वह कैरेक्टर्स रोल करने लगे। फिल्म 'उपकार' में प्राण ने मंगल चाचा का किरदार निभाया था, जो खूब पसंद किया गया। इसके बाद फिल्मों में भी प्राण की छवि बदलने लगी, वह एक कैरेक्टर आर्टिस्ट के तौर पर स्थापित हो गए।



### सबसे ज्यादा फीस लेने वाले विलेन

*साल 1960-1982 के बीच प्राण बॉलीवुड के सबसे ज्यादा चर्चित विलेन बन गए। इस समय वह बॉलीवुड हीरो से ज्यादा फील लेते थे। ऐसा कहा जाता है कि प्राण और राजेश खन्ना को लेकर कोई प्रोड्यूसर फिल्म बनाने की नहीं सोचता था, क्योंकि दोनों को अफोर्ड करना मुमकिन ही नहीं हो पाता है। प्राण के निभाए विलेन के किरदार भी काफी मशहूर हुए। दरअसल, प्राण जब भी किसी विलेन का रोल निभाते थे तो उसकी खूब तैयारी करते थे। प्राण के बारे में मशहूर था कि वह जब भी कोई हटकर किरदार देखते हैं तो उसकी चाल, हाव-भाव याद करने की कोशिश करते। अपने मेकअप को लेकर भी फिल्मों में प्राण काफी सजग रहते थे।*

12 FEB- BSP-PG-6_Layout 1 2/12/2025 11:57 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### आज से दो दिन रद्द रहेगी इतवारी-टाटा एक्सप्रेस

**बिलासपुर**। चक्रधरपुर रेल मंडल में ब्लाक के कारण दो दिन तक इतवारी से टाटानगर के बीच चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन रद्द किया जाएगा। जानकारी के अनुसार चक्रधरपुर रेल मंडल बंडामुंडा रेलवे स्टेशन में अधोसंरचना कार्य के लिए ब्लाक 13 और 14 फरवरी को लिया जाएगा। इसके कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली गाड़ी का परिचालन प्रभावित होगा। इसमें 13 और 14 फरवरी को 18109/18110 टाटानगर-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी और इतवारी से टाटानगर के बीच चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन के पहिए थमे रहेंगे।

### बिलासपुर-झारसुगुड़ा के बीच कवच में दौड़ेंगी ट्रेनें

**बिलासपुर**। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का महत्वपूर्ण नागपुर से रायपुर और बिलासपुर-झारसुगुड़ा सेक्शन को कवच सुरक्षा तकनीक के दायरे में किया गया है, जिससे 614 रूट किलोमीटर में आटोमैटिक तकनीक के जरिए दो ट्रेनों के बीच आमने-सामने की टक्कर से बचाव सुनिश्चित होगी। एसईसीआर के नागपुर सें झारसुगुड़ा के बीच रेलखंड में 614 रूट किलोमीटर के हाई डेंसिटी नेटवर्क पर कवच प्रणाली लागू करने के लिए निविदा आमंत्रित की गई है। इस परियोजना की अनुमानित लागत 292 करोड़ रुपए है, जिसके लिए निविदा 25 नवंबर को ओपन की जाएगी। इस परियोजना में स्टेशन कवच उपकरणों की स्थापना, भवनों का निर्माण, टावर स्थापना, आप्टिकल फाइबर केबल बिछाने का प्रावधान आदि कार्य शामिल होंगे। इसके साथ ही लो डेंसिटी नेटवर्क के लिए 1563 रूट किलोमीटर क्षेत्र में कवच प्रणाली लागू करने विस्तृत इस्टीमेट को भी स्वीकृति प्रदान की गई है। कवच प्रणाली रेलवे की उन्नत संरक्षा तकनीक है जो ट्रेन संचालन को संरक्षित और कुशल बनाने के लिए डिजाइन की गई है, जिसका उद्देश्य दुर्घटनाओं को रोकना और रेलवे के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है।

### तेज रफ्तार कार ने युवकों को ठोंका, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर**। तेज रफ्तार कार ने रिवर व्यू के पास खड़े 3 युवकों को ठोकर मार दी। हादसे में घायल युवकों का इलाज सिम्स और खंडूजा अस्पताल में चल रहा है। उसमें से एक युवक ने कार चालक के खिलाफ सिटी कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार मोनू राजपाल पिता स्व मुंशीराम राजपाल होटल जीत कांटिनेटल में मेंटनेंस मैनेजर हैं। 8 फरवरी को अपने दोस्त अशोक साहू के साथ रात 11 बजे अपनी स्कूटी क्रामंक सीजी 11 बीई7255 से जा रहे थे। उनका दोस्त उत्कर्ष पशतोर भी राम सेतु के पास मिल जाने के कारण तीनों दोस्त आपस में बातचीत कर रहे थे। इस दौरान कार क्रमांक सीजी 10 बीआर 3377 के चालक ने तेज चलाते हुए श्री राजपाल की स्कूटी को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर भाग गया। हादसे के बाद तीनों दोस्तों को गंभीर चोटें आई। आसपास के रह चलते लोगों ने तीनों को सिम्स में भर्ती कराया। इस दौरान युवकों के पसली और पैर में काफी चोट आई है। पुलिस ने बुधवार को श्री राजपाल ने सिटी कोतवाली थाने में कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कराया है।

### कंपनी फागिंग का प्रेजेंटेशन देने बिलासपुर पहुंची, इसके बाद होगा वर्क आर्डर

# मच्छरों को भगाने का जिम्मा अब निजी कंपनी को फागिंग व लार्वा कंट्रोल में खर्च होंगे एक करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दो करोड़ की सेंट्रल सफाई और 25 लाख रुपए के लेबर ठेके की नाले-नालियों की सफाई के बाद भी गंदगी के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। सफाई के अभाव में नाले-नालियां भरी पड़ी हैं। हाल यह है कि सुबह हो या शाम, दिन हो रात शहरवासी मच्छरों से परेशान हो गए हैं। अब निगम नया प्रयोग करते हुए एक निजी कंपनी को मच्छर भगाने के लिए टेंडर देने जा रहा हैं। कंपनी फागिंग का प्रेजेंटेशन देने के लिए बिलासपुर पहुंची है। निगम को पसंद आया तो कंपनी को काम दिया जाएगा।

चुनाव आचार संहिता के बाद इसके लिए टेंडर किया जाएगा। निगम का दावा है कि फागिंग और लार्वा में मिलाकर कंपनी सालाना एक करोड़ रुपए के करीब लेगी। हालांकि यह वही कंपनी है जिसने रायपुर में भी मच्छर भगाया है। राजधानी में पिछले तीन माह में फॉगिंग पर रायपुर नगर निगम ने करीब 1.50 करोड़ रुपए खर्च कर दिए। कंपनी ने कहां पर फॉगिंग की यह तो नहीं पता लेकिन अब बिलासपुर में काम दिया जा रहा है। फिलहाल निगम का फागिंग अमला नेताओं और अधिकारियों के घरों तक सीमित है। मोहल्लों में तो फागिंग मशीन देखे महीनों हो गए। दूसरी ओर मच्छर पर नियंत्रण के लिए लाखों रुपए के डीजल-पेट्रोल खर्च कर फॉगिंग कराने का दावा किया जा रहा है। यह कागजों में जरूर है। इन मशीनों में दवाइयां नहीं डाली जा रही हैं। शहर में ऐसा कोई घर नहीं, जिनके बजट में मच्छररोधी उपाय की खरीदी शामिल न हो। पिछले कुछ सालों में आमजन अपने परिवार को मच्छरों के दंश से बचाने के लिए मच्छर अगरबत्ती, क्वाइल और टिकिया खरीदकर खुद उपाय कर रहे हैं। इसके अलावा लोग मच्छर के दंश से बचने के लिए मच्छर रोधी क्रीम भी खरीदकर लगा रहे हैं।

**अलग खबर**

## कंपनी पर रायपुर निगम ने तीन महीने में खर्च किए 1.50 करोड़, फिर भी राहत नहीं



### 25 लाख रुपए में 5 ठेकेदारों को काम

ध्यान रहे कि राज्य शासन ने केंद्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण के मद्देनजर सड़कों की सफाई और धुलाई का ठेका दिल्ली की लॉयन सर्विसेज को दे रखा है। इसके साथ ही नाले-नालियों की सफाई दूसरे ठेके पर की जा रही है। निगम के स्वास्थ्य महकमे ने 25 लाख रुपए में 5 ठेकेदारों के 220 श्रमिकों नाले-नालियों की सफाई का जिम्मा तो दे दिया, लेकिन सफाई हो नहीं रही है। नाले-नालियां भरी पड़ी हैं, जिसके चलते मच्छरों की संख्या बढ़ती जा रही है। इससे शहर में अब डेंगू और मलेरिया का खतरा मंडराने लगा है।

### हर जोन में दी गई है फागिंग मशीन

फागिंग और लार्वा कंट्रोल के लिए एक निजी कंपनी को काम देने पर विचार किया जा रहा है। कंपनी प्रेंजेटेशन देने बिलासपुर पहुंची है। काम ठीक रहा तो टेंडर और वर्क आर्डर दिया जाएगा। पहले के मुकाबले इस पर खर्चा भी कम आएगा। फिलहाल सबकुछ ट्रायल पर है। कुछ भी फाइनल नहीं किया गया है। इससे पहले निगम द्वारा भी मच्छरों पर नियंत्रण के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं। नाले-नालियों की सफाई नियमित तौर पर तो कराई ही जा रही है। इसके अलावा फागिंग भी हो रही है। हर जोन में फागिंग मशीनें भी दी गईं हैं।

**- खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त, नगर निगम

### यह है कारण

दरअसल सफाई नहीं होने की वजह से नाले-नालियां में मच्छर अंडे दे रहे हैं, जिससे मच्छरों की फौज बढ़ते जा रही है। खुले प्लाटों में जगह-जगह निकासी के अभाव में पानी भरा हुआ है, इससे भी मच्छर पनप रहे हैं। ड्रेन-टू ड्रेन की व्यवस्था नहीं होने के कारण नाले-नालियों का पानी कहीं सड़क पर तो कहीं खुले प्लाट में जमा हो रहा है। रेग्युलर मच्छररोधी दवाओं का छिड़काव न होने की वजह से मच्छरों की संख्या बढ़ रही। ध्यान रहे कि मलेरिया विभाग निगम सीमा में मच्छरों को नियंत्रित करने के लिए निगम को दवाएं उपलब्ध कराता है। निगम में दवाएं तो पहुंच जाती हैं लेकिन कर्मचारी इन दवाओं के छिड़काव के लिए नहीं निकलते हैं। इसी वजह से एंटी लार्वा का छिड़काव भी शहर में नहीं हो पा रहा है।

### वीआईपी इलाकों सीमित है फागिंग

निगम के स्वास्थ्य विभाग के एक कर्मचारी ने स्वीकार किया कि फागिंग मशीन अधिकतर नेताओं और अधिकारियों के घरों तक ही पहुंच रही है। यह भी बताया गया कि रोजाना 56 बंगलों में शाम को फागिंग होती है। इसके लिए खास तौर पर निर्देश भी हैं। इसी कारण फागिंग करने वाले वार्डों में नजर नहीं आते हैं। वे सिर्फ वीआइपी क्षेत्र, बड़े अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के घर के आसपास ही फागिंग करते हुए नजर आते हैं। जबकि रोजाना निगम में इसके लिए नागरिकों के फोन आते हैं कि उनके क्षेत्र में मच्छर बढ़ गए हैं। ध्यान रहे कि निगम क्षेत्र में 8 जोन हैं। हर जोन में 2 फागिंग मशीन है। इसके साथ ही पंप हाउस में सेंट्रल फागिंग के लिए 3 मशीन दी गई है।

### हर महीने 7 लाख खर्च का दावा

निगम प्रबंधन का कहना है कि मौसम में परिवर्तन होने की वजह से मच्छरों का प्रकोप बढ़ा है जबकि निगम की ओर से मच्छर भगाने हर महीने पौने सात लाख रूपये खर्च किए जा रहे हैं। शहर का ऐसा कोई मोहल्ला व गली नहीं होगी जहां शाम होते ही मच्छर भिनभिनाते नजर न आते हों। आलम यह है कि अंधेरा छाते ही मच्छरों का प्रकोप बाहर के साथ ही घरों के अंदर शुरू हो जाता है। ज्ञात हो कि लार्वा कंट्रोल के लिए हर साल ठेका होता है। इसके तहत हर महीने दो लाख 79 हजार रूपए खर्च नाले-नालियों में दवा का छिड़काव किया जाता है। इसी तरह मौजूदा स्थिति में निगम की 10 फागिंग मशीन का उपयोग किया जा रहा है। इसका एक दिन का खर्च 13 हजार 500 रूपए आता है।

## वार्डवार इस तरह हुआ मतदान




| वार्ड | पुरूष संख्या | पुरूष प्रतिशत | महिला संख्या | महिला प्रतिशत | अन्य संख्या | अन्य प्रतिशत | कुल संख्या | कुल प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1375 | 57.17 | 1362 | 35.44 | 0 | 0.00 | 2737 | 56.81 |
| 2 | 1544 | 47.35 | 1512 | 47.10 | 0 | 0.00 | 3056 | 47.23 |
| 3 | 2976 | 53.19 | 2816 | 51.80 | 0 | 0.00 | 5792 | 52.51 |
| 4 | 2301 | 64.84 | 2282 | 63.59 | 0 | 0.00 | 4236 | 60.66 |
| 6 | 1974 | 57.05 | 1935 | 56.95 | 0 | 0.00 | 3909 | 56.99 |
| 7 | 2107 | 53.17 | 2042 | 52.96 | 1 | 100.00 | 4150 | 53.07 |
| 8 | 2771 | 60.63 | 2621 | 57.58 | 0 | 0.00 | 5392 | 59.11 |
| 9 | 1414 | 63.90 | 1409 | 66.06 | 0 | 0.00 | 2823 | 64.94 |
| 10 | 2336 | 56.89 | 2220 | 53.82 | 0 | 0.00 | 4556 | 55.34 |
| 11 | 2092 | 55.40 | 1977 | 51.35 | 1 | 50.00 | 4070 | 53.36 |
| 12 | 1746 | 55.25 | 1747 | 53.08 | 0 | 0.00 | 3493 | 54.14 |
| 13 | 1661 | 46.00 | 1584 | 42.89 | 0 | 0.00 | 3245 | 44.43 |
| 14 | 1787 | 39.01 | 1644 | 37.32 | 0 | 0.00 | 3431 | 38.18 |
| 15 | 1251 | 43.12 | 1106 | 37.73 | 0 | 0.00 | 2357 | 40.40 |
| 16 | 2185 | 51.15 | 2267 | 49.11 | 0 | 0.11 | 4452 | 50.08 |
| 17 | 1689 | 49.90 | 1573 | 45.99 | 3 | 100.00 | 3265 | 47.96 |
| 18 | 1512 | 59.48 | 1431 | 52.04 | 0 | 0.00 | 2943 | 55.60 |
| 19 | 1998 | 53.38 | 2336 | 59.58 | 1 | 16.57 | 4824 | 60.29 |
| 20 | 1293 | 56.44 | 1183 | 51.36 | 0 | 0.00 | 2476 | 63.91 |
| 21 | 2731 | 46.45 | 2709 | 44.40 | 0 | 0.00 | 5440 | 45.40 |
| 22 | 1363 | 50.31 | 1294 | 44.98 | 0 | 0.00 | 2657 | 47.55 |
| 23 | 1873 | 48.87 | 1854 | 47.51 | 0 | 0.00 | 3727 | 48.18 |
| 24 | 1394 | 48.64 | 1310 | 46.16 | 0 | 0.00 | 2704 | 47.41 |
| 25 | 1800 | 50.01 | 1868 | 47.71 | 0 | 0.00 | 3668 | 48.80 |
| 26 | 2211 | 61.69 | 2096 | 56.44 | 0 | 0.00 | 4307 | 59.01 |
| 27 | 1388 | 41.95 | 1236 | 36.55 | 0 | 0.00 | 2624 | 39.22 |
| 28 | 1179 | 46.31 | 1142 | 42.23 | 0 | 0.00 | 2321 | 44.21 |
| 29 | 2010 | 56.60 | 2031 | 54.92 | 1 | 50.00 | 4042 | 55.74 |
| 30 | 2335 | 62.97 | 2064 | 54.73 | 0 | 0.00 | 4399 | 58.82 |
| 31 | 2259 | 65.40 | 2033 | 56.87 | 0 | 0.00 | 4292 | 61.06 |
| 32 | 1777 | 56.27 | 1696 | 52.30 | 0 | 0.00 | 3473 | 54.25 |
| 33 | 1479 | 54.06 | 1406 | 49.56 | 0 | 0.00 | 28858 | 51.76 |
| 34 | 1265 | 57.11 | 1252 | 55.79 | 0 | 0.00 | 2527 | 56.44 |
| 35 | 2040 | 61.89 | 1993 | 96.98 | 0 | 0.00 | 4033 | 59.27 |
| 36 | 2502 | 55.46 | 2521 | 54.41 | 1 | 20.00 | 5024 | 54.91 |
| 37 | 1332 | 62.10 | 1408 | 80.33 | 0 | 0.00 | 2740 | 61.15 |
| 38 | 1911 | 51.16 | 1717 | 44.78 | 0 | 0.00 | 3628 | 47.93 |
| 39 | 1260 | 49.32 | 1291 | 47.52 | 0 | 0.00 | 2551 | 48.66 |
| 40 | 1572 | 96.26 | 1432 | 51.34 | 0 | 0.00 | 3004 | 53.81 |
| 42 | 3035 | 56.58 | 3135 | 57.89 | 2 | 25.00 | 6172 | 57.22 |
| 43 | 2484 | 54.39 | 25519 | 53.91 | 0 | 0.00 | 5903 | 54.13 |
| 44 | 1381 | 47.49 | 1377 | 44.71 | 0 | 0.00 | 2758 | 46.96 |
| 45 | 2675 | 44.05 | 2550 | 39.54 | 1 | 100.00 | 5226 | 41.73 |
| 46 | 1618 | 59.77 | 1603 | 56.50 | 0 | 0.00 | 3221 | 58.10 |
| 47 | 2143 | 65.00 | 2239 | 66.26 | 0 | 0.00 | 45582 | 65.62 |
| 48 | 1855 | 55.13 | 1729 | 53.25 | 0 | 0.00 | 3584 | 54.20 |
| 49 | 2112 | 66.92 | 2108 | 66.19 | 0 | 0.00 | 4220 | 66.54 |
| 50 | 1883 | 42.34 | 1806 | 40.94 | 0 | 0.00 | 3689 | 41.65 |
| 51 | 1911 | 40.72 | 1676 | 37.18 | 2 | 100.00 | 3589 | 39.00 |
| 52 | 1919 | 53.62 | 1948 | 52.65 | 0 | 0.00 | 3867 | 53.11 |
| 53 | 1867 | 55.98 | 1959 | 56.39 | 0 | 0.00 | 3826 | 56.17 |
| 54 | 2130 | 53.04 | 2205 | 54.16 | 0 | 0.00 | 4335 | 53.54 |
| 55 | 1672 | 45.76 | 1612 | 45.58 | 0 | 0.00 | 3284 | 45.66 |
| 56 | 1572 | 53.29 | 1569 | 51.58 | 1 | 33.33 | 3142 | 52.41 |
| 57 | 1549 | 39.52 | 1407 | 37.61 | 0 | 0.00 | 2956 | 38.57 |
| 58 | 3017 | 49.66 | 2938 | 49.58 | 1 | 50.00 | 5956 | 49.62 |
| 59 | 1443 | 47.52 | 1446 | 46.98 | 0 | 0.00 | 2889 | 47.24 |
| 60 | 1283 | 54.574 | 1314 | 55.03 | 0 | 0.00 | 2597 | 54.88 |
| 61 | 1631 | 56.40 | 1517 | 51.18 | 0 | 0.00 | 3148 | 53.76 |
| 62 | 1429 | 52.71 | 1332 | 48.58 | 0 | 0.00 | 2761 | 50.62 |
| 63 | 2132 | 48.60 | 2080 | 46.05 | 0 | 0.00 | 4212 | 47.30 |
| 64 | 2010 | 68.55 | 1905 | 63.86 | 0 | 0.00 | 3915 | 66.19 |
| 65 | 1661 | 52.68 | 1715 | 52.88 | 0 | 0.00 | 3376 | 52.77 |
| 66 | 972 | 45.25 | 1021 | 46.79 | 0 | 0.00 | 1993 | 46.03 |
| 67 | 1354 | 30.62 | 1303 | 47.04 | 0 | 0.00 | 2657 | 48.78 |
| 68 | 2812 | 60.06 | 2601 | 57.68 | 1 | 0.00 | 5414 | 58.89 |
| 69 | 2196 | 30.49 | 1935 | 27.03 | 0 | 0.00 | 4131 | 28.76 |
| 70 | 892 | 36.14 | 919 | 37.01 | 0 | 0.00 | 1811 | 36.58 |

## शराब पीने से मना करने पर पिता ने की पुत्र की हत्या



खजरी नवागांव जांच करने पहुंची पुलिस। इनसेट में आरोपी पिता।

**बिलासपुर**। शराब पीने के बाद घर में गाली गलौज करने से रोकने पर 65 वर्षीय आरोपी ने घर में सो रहे अपने सगे बेटे को टंगिया मार कर मौत के घाट उतार दिया।

घटना बुधवार के दोपहर की है। इस दौरान घर में मृतक की पत्नी मौजूद थी। अपने ही पिता को शराब पीने और गाली गलौज करने से मना करना मृतक के लिए मौत का सबब बन गया। आरोपी व पिता द्वारिका यादव ने अपने ही 35 वर्षीय बेटे इंद्रकुमार यादव की निर्मम हत्या कर दी। इस दौरान घर में मृतक की पत्नी भी मौजूद थी, लेकिन बाप-बेटे का विवाद इस कदर खूनी खेल का रूप ले लेगा इसका अंदाजा भी मृतक की पत्नी नहीं लगा पाई। घटना बुधवार के दोपहर 2 बजे के आसपास की है। पुलिस के अनुसार मृतक इंद्रकुमार यादव खजरी नवागांव सकरी का रहने वाला है। सुबह से ही उसके पति और आरोपी द्वारिका यादव उम्र 65 वर्ष शराब पीकर आसपास के घर के लोगों को गाली गलौज कर रहा था। मृतक ने घटना से पहले अपने पिता को ऐसा करने से मना किया। इसे लेकर उनके बीच वाद-विवाद बढ़ गया। इसके बाद मृतक खाना खाकर अपने कमरे में चला गया। घर के बाकी सदस्य भी अपने- अपने काम में लग गए। आरोपी बुजुर्ग को अपने बेटे की बात इतनी चुभी की वह घर में रखे टंगिए से सोए हुए इंद्रकुमार पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इससे मौके पर ही इंद्रकुमार ने दम तोड़ दिया।

■ सकरी थाना क्षेत्र के खजरी नवागांव की घटना

घटना की सूचना आसपास के लोगों ने सकरी थाने में दी। पुलिस करीब 4 बजे मौके पर पहुंच कर शव को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने हत्या में उपयोग किए गए टंगिया को जब्त कर लिया है।

## मैत्री बाग भिलाई के सांभर बनेंगे एटीआर में टाइगरों का आहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भिलाई के मैत्री बाग के सांभर अचानकमार टाइगर रिजर्व के जंगल में छोड़े जाएंगे। एटीआर प्रबंधन ने इसके लिए मैत्री बाग प्रबंधन से चर्चा कर ली है। मैत्री बाग से 20 सांभर लाने के बाद कानन पेण्डारी जू से बदले में मगरमच्छ और कोटरी दिए जाएंगे।

■ कानन पेण्डारी जू से दिए जाएंगे मगरमच्छ और कोटरी

जानकारी के अनुसार पूर्व में जंगल सफारी रायपुर से 50 से अधिक चीतल एटीआर में लाए गए थे। इसके लिए प्रबंधन ने छपरवा में एक अलग बाड़ा भी तैयार कर लिया है। इसके साथ ही अब एटीआर प्रबंधन ने सांभर को जंगल में लाने की तैयारी शुरु कर दी है।

ऐसा दूसरी बार हो रहा है जब टाइगर रिजर्व के लिए जू प्रबंधन के बीच वन्यप्राणियों की अदला-बदली के लिए समझौता हुआ है।



अचानकमार टाइगर रिजर्व में सांभर की संख्या कम है। कानन पेण्डारी जू भी अब एटीआर बायोस्फेयर में शामिल हो गया है। कानन जू से मगरमच्छ और कोटरी की मांग पहले मैत्री बाग जू प्रबंधन की ओर से की गई थी, जिसके लिए कानन प्रबंधन ने सहमति दे दी। दोनों प्रजाति की कानन पेण्डारी जू में पर्याप्त संख्या है। मैत्री बाग प्रबंधन और कानन जू प्रबंधन के आपसी चर्चा के बाद केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण सीजेडए ने भी इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है।

### मांगी जाएगी अनुमति

अचानकमार टाइगर रिजर्व में मैत्री बाग से सांभर लाया जाना है। भविष्य में बाघों की संख्या बढ़ाने पर काम किया जा रहा है। कानन जू से मैत्री बाग में मगरमच्छ और कोटरी देने के लिए सीजेडए ने अनुमति दे दी है। इसके लिए एनटीसीए से भी अनुमति ली जाएगी, जिसके बाद ही 20 सांभर को एटीआर में लाकर छोड़ा जाएगा।

**-गणेश यूआर**
डिप्टी डायरेक्टर, एटीआर

### जरूरी है एनटीसीए की अनुमति

एटीआर प्रबंधन के अनुसार चिड़ियाघर की कमान केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण के पास और टाइगर रिजर्व का संचालन राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण एनटीसीए के दिशा निर्देश पर किया जाता है। कानन प्रबंधन एटीआर में 20 सांभर को छोड़ने के लिए एनटीसीए से अनुमति की मांग करेगी। एनटीसीए की स्वीकृति मिलते ही वन्यप्राणियों के अदला-बदली की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

### मगरमच्छ की संख्या हो जाएगी आठ

वर्तमान में कानन पेण्डारी जू में मगरमच्छ की संख्या 10 है। मैत्री बाग भिलाई को 2 मगरमच्छ देने के बाद संख्या घटकर 8 हो जाएगी। इसी तरह कोटरी की संख्या 30 है, जिसमें चार देने के बाद कोटरी 26 की संख्या में आ जाएंगे। सीजेडए की गाइड लाइन के अनुसार दोनों प्रजातियों की संख्या पर्याप्त होगी।

### नहीं मिला रैक, कटनी-चिरमिरी मेमू दो दिन कैंसिल

**बिलासपुर**। रैक नहीं मिलने के कारण कटनी से चिरमिरी के बीच चलने वाली मेमू दो दिन कैंसिल की जाएगी। जानकारी के अनुसार रैक अनुपलब्धता के कारण 12-13 फरवरी को 61602 चिरमिरी-कटनी मेमू का परिचालन नहीं होगा।

## चुनाव प्रचार में जाना पड़ा भारी, घर में घुस चोरों ने पेटी से किया 1 लाख रूपए पार

**बिलासपुर**। जमीन बेचकर रखे 1 लाख रूपए पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया है। इस दौरान घर में मौजूद वृद्ध महिला चुनाव प्रचार करने गई थी, चोरों ने मौका पाकर घर के पेटी में रखे रुपयों पर हाथ फेरा दिया है। पुलिस इस मामले में जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

■ कोनी थाना क्षेत्र की घटना

कोनी पुलिस के अनुसार अनिल बघेल पिता नाथूराम बघेल कोनी में रहता है और आटो चालक है। साल भर पहले उसने गांव की जमीन बेचकर 1 लाख रूपए अपने घर में रखे थे। 10 फरवरी को उसकी वृद्ध मां देवकी बघेल शाम को घर का दरवाजा बंद कर प्रत्याशी के लिए चुनाव प्रचार करने चली गई और शाम 7 बजे लौटीं। इस दौरान उनके नहाने जाने के बाद पिता नाथूराम बघेल लौटे तो घर के पीछे का दरवाजा खुला मिला, इस संबंध में उन्होंने अपनी पत्नी से इस बारे में पूछताछ की जिस पर वृद्ध महिला ने धोखे से खोलकर जाने की बात कही। दोनों कमरे में दाखिल हुए, इस दौरान कमरे में रखे टीन की पेटी का ताला टूटा मिला और उसमे रखे 1 लाख रूपए नहीं मिले। युवक ने कोनी थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस रिपोर्ट के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

कोनी पुलिस को इस मामले में कोई सीसीटीवी फुटेज बरामद नहीं हो सका है। इधर पुलिस मामले को संदिग्ध बता रही है। पुलिस का कहना है कि जिस समय चोरी हुई है उस समय घर में कोई ना कोई मौजूद था।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. इयूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 14,500/
रिजर्वेशन कोच (11 दिन)
19 फरवरी से 01 मार्च 2025, 19 मार्च से 29 मार्च 2025, 09 अप्रैल से 19 अप्रैल 2025, 07 मई से 17 मई 2025, 04 जून से 14 जून 2025
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-14500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411